▪ चैत्र शुक्ल - 6 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 257 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 14-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 मोदी केशब्दों केबहकावे में नहीं आयें, परिवर्तन केलिए वोट करें : प्रियंका गांधी

6 हवलदार जश ठाकुर: अपनी जान से ज्यादा साथियों की जान की परवाह की

7 प्रियंका चोपड़ा ने 'मंकी मैन' के लिए देव पटेल की सराहना की

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार बढ़ता है : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



दंतेवाड़ा/भाषा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार बढ़ जाता है जबकि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर 10 वर्षों में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कांग्रेस खत्म हो जाएगी और पार्टी अगले कुछ वर्षों में डायनोसोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।

सिंह ने कहा, जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार बढ़ जाता है। आजादी के बाद से पार्टी को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा है। जबकि कोई भी नरेन्द्र मोदी सरकार पर उंगली नहीं उठा सकता। इस सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस जंग लगे लोहे के टुकड़े की तरह है और यह रियलिटी शो 'बिग बॉस' के घर जैसा दिखने लगा है ...।'' उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता मीसा भारती के उस बयान की भी आलोचना की कि यदि भारतीय जनता पार्टी चुनाव में हार गई और विपक्षी गुट 'इंडि' की सरकार बनी तब मोदी को जेल जाना होगा।

सिंह ने चारा घोटाले में भारती के पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को हुई सजा को लेकर कहा, जो नेता जेल में हैं, वे वोट हासिल करने के लिए लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। भारती पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने दावा किया है कि मीडिया ने तोड़ मरोड़कर क्लिप चलाया, और कहा कि उनकी टिप्पणियां चुनावी बॉण्ड योजना की जांच पर केंद्रित थी।

देश में विकास कार्यों के लिए मोदी सरकार की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि दुनिया में सभी डिजिटल लेनदेन का 46 प्रतिशत लेनदेन भारत में होता है। सिंह भाजपा के बस्तर लोकसभा उम्मीदवार महेश कश्यप के लिए प्रचार कर रहे थे।

## आतंकवादी नियमों को नहीं मानते तो उन्हें जवाब देने का भी कोई नियम नहीं हो सकता : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



पुणे/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत सीमा पार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चूंकि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें जवाब देने का भी कोई नियम नहीं हो सकता है।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के स्तर पर काफी चर्चा के बाद उस वक्त कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला, क्योंकि यह माना गया कि पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी।

जयशंकर ने शुक्रवार को यहां भारत क्यों मायने रखता है: युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने पूछा कि अगर अब ऐसा ही हमला होता है और उस पर प्रतिक्रिया नहीं दी जाती तो उसके बाद के हमलों को कैसे रोका जा सकता है।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। यह पूछे जाने पर कि ऐसा कौन सा देश है, जिसके साथ भारत को संबंध बनाए रखना मुश्किल लगता है, तो उन्होंने कहा– पाकिस्तान। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरुआत से ही इस बारे में स्पष्ट रुख रखता कि पाकिस्तान आतंकवाद में शामिल है, जिसे भारत किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा तो देश की नीति बिल्कुल भिन्न होती।

जयशंकर ने कहा, वर्ष 2014 में मोदी जी आए। लेकिन यह समस्या (आतंकवाद) 2014 में शुरू नहीं हुई। यह मुंबई हमले के साथ शुरू नहीं हुई। यह 1947 में हुई। वर्ष 1947 में पहली बार आक्रमणकारी कश्मीर में आए, उन्होंने कश्मीर में हमला किया। यह आतंकवादी कृत्य था। वे गांव और शहर जला रहे थे। वे लोगों की हत्या कर रहे थे। ये लोग पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी अग्रिम प्रांत के कबाइली थे। पाकिस्तान सेना ने उनका समर्थन किया। हमने सेना भेजी और कश्मीर का एकीकरण हुआ।

विदेश मंत्री ने कहा, ''जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम ठहर गए और संयुक्त राष्ट्र चले गए। हमने आतंकवाद के बजाय कबाइली आक्रमणकारियों के कृत्यों का उल्लेख किया। अगर हमारा रुख शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद फैला रहा है तो बिल्कुल अलग नीति होती।''

### फर्स्ट टेक

#### लापता इजराइली किशोर का शव वेस्ट बैंक में मिला

यरुशलम/एपी। इजराइल की सेना ने कहा है कि एक लापता इजराइली किशोर के आतंकी हमले में मारे जाने के बाद उसका शव कब्जे वाले वेस्ट बैंक में पाया गया। बीनयामिन अचीमैर (14) के लापता होने के बाद शुक्रवार और शनिवार को फलस्तीनी गांव पर एक बड़ा हमला हुआ था। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है जब इजराइल ने गाजा पट्टी में हमास चरमपंथियों के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। इजराइली सेना ने कहा, 'सुरक्षा बल हमले को अंजाम देने वाले लोगों की तलाश में जुटे हैं।

#### मेघा इंजीनियरिंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर से रिश्वत देने के एक मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। गौरतलब है कि कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और वह इन बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में लगभग 78 लाख रुपये की कथित रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी कथित तौर पर रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

#### कांग्रेस वोट लेकर लोगों को भूल जाने' में विश्वास रखती है : नड्डा

कोहिमा/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस वोट लेकर जनता को 'भूलने' में विश्वास रखती है और इस कारण से नगालैंड में उसका कोई विधायक नहीं है। नगालैंड के चुमूकेडिमा में भाजपा समर्थित एनडीपीपी उम्मीदवार चुमबेन मरी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में उत्तर पूर्व में राजनीति का मतलब बांटो और राज करो' होता था। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे और वह राज्य में पूर्ण शांति और सौहार्द लाने के प्रयास में नगा समझौते को तत्काल आगे बढ़ाएंगे।'' नड्डा ने कहा कि राजग सरकार में 11 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 'वोट लो और लोगों को भूल जाओ' के दृष्टिकोण से नगालैंड की प्रगति और समृद्धि में बाधा डाली।

| 14-04-2024 सूर्यास्त | 15-04-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:07 बजे | 6:32 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,244.90 | 22,519.40 |
| (-793.25) | (-234.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,470 रु. | 85,350 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में एक चुनावी रैली में समर्थकों द्वारा माला पहनाते हुए।

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भंडारा (महाराष्ट्र)/भाषा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। भंडारा जिले के साकोली में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लोगों को परेशान करने वाले मुख्य मुद्दे बेरोजगारी और महंगाई हैं, हालांकि मीडिया ने इन्हें नजरअंदाज करते हुए प्रधानमंत्री और मशहूर हस्तियों के कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

गांधी ने केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, लोग बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त हैं। हालात ऐसे हैं कि जो कुछ हजार कमाते हैं तथा करोडों रुपये कमाने वाले समान जीएसटी चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों ने उनकी 'भारत जोड़ो' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान उनसे पूछा कि उन्हें अरबपति उद्योगपतियों की तरह ऋण माफी या कृषि उपज के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है।

गांधी ने कहा, ''हम एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी भी देंगे।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने के बाद उनकी पार्टी जातिगत जनगणना कराएगी क्योंकि यह देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, देश में पिछड़े समूहों का प्रतिशत कोई नहीं जानता। दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का सरकारी नौकरियों, नौकरशाही, मीडिया, शीर्ष 200 कंपनियों में आबादी के अनुपात के अनुसार प्रतिनिधित्व नहीं है।

### जब्त किए गए जहाज पर सवार 17 भारतीयों को मुक्त कराने के लिए ईरान के संपर्क में है भारत

नई दिल्ली। ईरान की सेना द्वारा जब्त किये गए इजराइल से संबद्ध एक मालवाहक जहाज पर 17 भारतीय नागरिक सवार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की पृष्ठभूमि में यह घटनाक्रम हुआ है। सूत्रों ने बताया कि भारत अपने नागरिकों की सलामती और उन्हें शीघ्र मुक्त कराना सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक माध्यमों से तेहरान और नयी दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है। सूत्रों ने कहा, हम जानते हैं कि मालवाहक जहाज 'एमएससी एरीज' को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया है। हमें पता चला है कि जहाज पर 17 भारतीय नागरिक सवार हैं। उन्होंने कहा, 'हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, कुशलता और उन्हें शीघ्र मुक्त कराना सुनिश्चित करने के लिए तेहरान और दिल्ली, दोनों जगहों पर राजनयिक माध्यमों से ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं।' मीडिया में आई खबरों के अनुसार, ईरान के अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने शनिवार सुबह जहाज को उस समय जब्त कर लिया, जब यह हॉरमुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था।



## द्रमुक ने सनातन धर्म का अपमान करके लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचायी है : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

> द्रमुक ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर अशोभनीय टिप्पणी की। शाह ने पार्टी उम्मीदवार पोन राधाकृष्णन के समर्थन में कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो में कहा, द्रमुक पार्टी ने सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी करके लोगों की भावनाओं को आहत किया है। लेकिन दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सभी का सम्मान करती है और एकता में विश्वास करती है।

नागरकोइल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर 'सनातन धर्म' का अपमान करके लोगों की भावनाओं को 'ठेस' पहुंचाने का आरोप लगाया और लोगों से 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव में द्रविड़ पार्टी को खारिज करने का आह्वान किया।

शाह ने कहा कि द्रमुक ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर अशोभनीय टिप्पणी की। शाह ने पार्टी उम्मीदवार पोन राधाकृष्णन के समर्थन में कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो में कहा, द्रमुक पार्टी ने सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी करके लोगों की भावनाओं को आहत किया है। लेकिन दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सभी का सम्मान करती है और एकता में विश्वास करती है। शाह ने अपने प्रचार वाहन से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ सरकार पर निशाना साधने से पहले भगवान राम का नाम लिया। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी देश को प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा के 400 सीट से अधिक हासिल करने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिलनाडु में लोग चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं। शाह ने लोगों से विलावनकोड उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार वी एस नंदिनी को वोट करने और उनकी जीत सुनिश्चित करने की भी अपील की। उन्होंने दावा किया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक के भ्रष्टाचार ने तमिलनाडु को प्रभावित किया है और लोगों से राज्य को इन भ्रष्ट पार्टियों से बचाने और अभूतपूर्व परिवर्तन के लिए भाजपा को चुनने का आह्वान किया।

### मिशन मंडेला
### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### आखिरी सच

गुटबंधन से गठबंधन तक,
घट-घट में आशंका है।
जिसको भी घर भेदी मिलते,
उसने लूटी लंका है।
सपनों के मंदिर के आगे,
टँगा मतलबी टंका है।
जो जीता बस वही सिकंदर,
बजता उसका डंका है।।

## संदेशखाली में मौके पर जांच से 'मानवाधिकारों के उल्लंघन' का पता चला : आयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की कई घटनाओं'' को चिह्नित किया और कहा कि यह इंगित करता है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई ''लापरवाही'' के कारण 'मानवाधिकारों का उल्लंघन'' हुआ। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिसके कारण लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और प्रत्येक सिफारिश पर पश्चिम बंगाल सरकार से आठ सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। ब्रण

इसमें कहा गया है, आयोग की मौके पर पहुंचकर की गई जांच से पीड़ितों के साथ हुए अत्याचार की कई घटनाओं का खुलासा हुआ है, जो साफ तौर पर दर्शाता है कि प्रथम दृष्टया ऐसे उल्लंघन को रोकने में लोकसेवक की लापरवाही के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया है कि इस रिपोर्ट को ''सूचना के व्यापक प्रसार'' के लिए एनएचआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

## गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गेमिंग उद्योग को किसी नियमन की जरूरत नहीं है और इसे मुक्त रहना चाहिए, तभी इसमें तेजी आएगी। ई-गेमिंग उद्योग के भविष्य और उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों पर 'शीर्ष भारतीय ऑनलाइन गेमर्स' के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री ने उनसे कुछ सवाल भी पूछे और कुछ खेलों में हाथ भी आजमाया। जब एक गेमर नमन माथुर ने मोदी से पूछा कि क्या गेमिंग सेक्टर के लिए नियमन की कोई आवश्यकता है, तो उन्होंने कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'दो चीजें हैं, जो सरकार कर सकती है। या तो आप किसी कानून के तहत पाबंदियां लागू करें या हमारे देश की जरूरतों के मुताबिक उसे समझने और ढालने की कोशिश करें और इसे संगठित व कानूनी ढांचे के तहत लाएं और इसकी प्रतिष्ठा को बुलंद करें।'


उन्होंने कहा, 'मेरा प्रयास देश को उस स्तर तक ले जाना है कि 2047 तक सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन से बाहर हो जाए। हमारा जीवन कागजी कार्रवाई में फंस गया है। गरीबों को ही सरकार की जरूरत है, मुश्किल समय में सरकार को उनके साथ रहना चाहिए। एक अन्य गेमर अनिमेष अग्रवाल ने कहा कि सरकार को ई-स्पोटर्स और गेमिंग को मुख्यधारा के खेल के रूप में मान्यता देनी चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, यह एक कौशल-आधारित गेमिंग है और इसमें जुआ शामिल नहीं है। एक बार जब यह स्थापित हो जाता है और वित्तीय लेनदेन में शामिल लोगों सहित सभी सरकारी निकायों द्वारा समझ लिया जाता है, तो यह वास्तव में फायदेमंद होगा। जैसा कि आपने कहा, उद्योग को विनियमन की आवश्यकता नहीं है। हमें इसे स्वतंत्र रूप से बढ़ने देना चाहिए। थोड़ा सा धक्का दिया जाए, तो उद्योग आगे बढ़ जाएगा। इस पर मोदी ने जवाब दिया, इसे (ईस्पोटर्स और गेमिंग) किसी नियमन की जरूरत नहीं है। यह मुक्त रहना चाहिए, तभी यह आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने गेमर्स से जानना चाहा कि वे गेमिंग और जुए के बीच संघर्ष से कैसे निपटते हैं। गेमर्स ने प्रधानमंत्री के साथ उद्योग में उपयोग की जाने वाली कुछ शब्दावली जैसे 'नूब' और 'ग्राइंड' पर भी चर्चा की। जैसा कि खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री को समझाया कि 'नूब' किसी नौसिखिया या खेल में बहुत कुशल नहीं होने का संदर्भ है। इस पर मोदी ने हंसते हुए कहा, अगर मैं चुनाव के दौरान इस शब्द का इस्तेमाल करूंगा, तो लोग हैरान होंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूं। अगर मैं यह कहता हूं, तो आप इसे किसी विशेष व्यक्ति के लिए मान लेंगे।

गुजरात के कच्छ के एक गेमर तीरथ मेहता ने कहा, लोगों को लगता है कि हम टाइम पास करने के लिए गेम खेलते हैं। हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो वास्तव में दूसरों से अलग हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि वे लूडो की तरह आसान हैं ... हम ऐसे खेल खेलते हैं, जो शतरंज की तरह जटिल होते हैं और इनमें भी मानसिक और शारीरिक कौशल की जरूरत होती है।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी,आपने एक जीवित व्यक्ति के दूसरे जीवित व्यक्ति के साथ शाश्वत गुरु-शिष्य सम्बन्ध को आध्यात्मिक ज्ञान, मोक्ष, मुक्ति का यथार्थ आधार सिद्ध किया है और इसी के आधार पर सनातन धर्म के अनवरत विद्यमान और वर्तमान रहने को स्पष्ट किया है। फिर भी आपके इस वाद को वैसी वैश्विक प्रसिद्धि क्यों नहीं मिली जैसी कि मिलनी चाहिए जबकि, यह नितांत मौलिक विचार है। नूतन और क्रांतिकारी शोध है और अद्यतन चेतना के विश्वव्यापी रूप से आत्मसात् करने योग्य विमर्श है?

**उत्तर:** आपकी ही भाषा में कहूँ तो किसी विचार, शोध या विमर्श के अपने समय की चेतना से अधिक आगे होने पर कुछ विशिष्ट जन ही उसे समझ पाते हैं। सभी सामान्य जन उसको समझ नहीं पाते। परंतु होता तो वह सबके लिए ही है। उदाहरण से समझने या उसकी पुष्टि के लिए, यदि आप इतिहास में झांकें तो पाएंगे कि किसी विषय विशेष से संबंधित ज्ञान- विज्ञान के क्षेत्र में कई ऐसे ज्ञानी-वैज्ञानिक हुए हैं जिनकी खोज को उनके जीवन-काल में कुछ गिने चुने लोग ही समझ पाए और वह भी पूरा का पूरा नहीं। आध्यात्मिक क्षेत्र में तो यह होता ही रहता है। क्योंकि अनेक ऐसे आध्यात्मिक साधक सदैव होते ही हैं जो अन्य धन मान आदि उपलब्धियों की तो बात ही क्या, यश या कीर्ति तक के भी आकांक्षी नहीं होते। जो शोध वे करते हैं, कालांतर में जिज्ञासुओं की चेतना वहाँ तक पहुँचती ही पहुँचती है। बस, अवधि भर का अंतर होता है।

# ‘आप’ सबसे बेईमान पार्टी, कांग्रेस ‘अबकी बार, 40 पार’ के लिए लड़ रही है : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पांढुर्णा (मप्र)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) को सबसे बेईमान पार्टी करार दिया। उन्होंने साथ ही दावा किया कि कांग्रेस आसन्न लोकसभा चुनाव ‘अबकी बार, 40 पार’ के लिए लड़ रही है जबकि भाजपा 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ठाकुर ने दावा किया कि मध्य प्रदेश के पांढुर्णा जिले में कहा कि पिछले दस वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के शानदार प्रदर्शन के कारण कांग्रेस नेता बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पांढुर्णा जिला छिंदवाड़ा लोकसभा सीट का हिस्सा है। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल से 13 मई के बीच चार चरणों में मतदान होगा और मतों की गिनती चार जून को होगी। छिंदवाड़ा में पहले चरण में मतदान होगा।

आम आदमी पार्टी (आप)के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि भाजपा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर रही है, केंद्रीय मंत्री ने कहा, ‘‘अगर कोई पूरी तरह से बेईमान व्यक्ति है तो वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। सच तो यह है कि आप सबसे बेईमान राजनीतिक पार्टी है। यह झूठ बोलने में सबसे आगे है।’’ ईडी ने दिल्ली सरकार की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया



है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री ने आरोप लगाया, ‘‘केजरीवाल भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए राजनीति में आये हैं; लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वह भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनके स्वास्थ्य मंत्री, जेल मंत्री, आबकारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री जेल में हैं।’’ उन्होंने कहा कि ‘बेईमान’ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल में हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को बड़े पैमाने पर पार्टी छोड़ने का झटका लगा है। उन्होंने छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता कमल नाथ की पकड़ के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ‘‘वे (पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता) कांग्रेस क्यों छोड़ रहे हैं, जहां से वह नौ बार जीत चुके हैं और अब इसका प्रतिनिधित्व उनके बेटे नकुलनाथ कर रहे हैं।’’ भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में मध्यप्रदेश की 29 में से 28 सीट पर जीत दर्ज की थी जबकि नकुल नाथ छिंदवाड़ा से राज्य में एकमात्र कांग्रेस विजेता के रूप में उभरे थे। भाजपा का दावा है कि हाल के हफ्तों में मध्य प्रदेश में, खासकर छिंदवाड़ा से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए हैं।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने राम सेतु को काल्पनिक बताया, भगवान राम के जन्मस्थान पर सवाल उठाया और राम मंदिर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि ये सब कांग्रेस के खिलाफ जा रहा है और उसके नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता भी बाहर जा रहे हैं क्योंकि वह भारत के विकास पथ का विरोध कर रही है और उसने विदेशी ताकतों से हाथ मिला लिया है। ठाकुर ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में राजग सरकार के शानदार काम से प्रभावित होकर कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

यह पूछे जाने पर कि भाजपा छिंदवाड़ा में कमलनाथ के प्रभुत्व को खत्म करने की योजना कैसे बना रही है, ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक देश पर शासन किया लेकिन अब उसके पास नेता खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ‘अबकी बार, 400 पार’ के लिए लड़ रही है और कांग्रेस ‘अबकी बार, 40 पार’ के लिए लड़ रही है। 2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा ने 303 सीट पर जीत दर्ज की थी जबकि कांग्रेस केवल 52 सीट हासिल कर सकी थी।

## सभी विद्यालयों में आवश्यक खेल मैदान के लिए दिशानिर्देश जारी करें : उच्च न्यायालय



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रत्येक श्रेणी के विद्यालयों में आवश्यक खेल मैदान और संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा है कि शिक्षा को कक्षाओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता, क्योंकि इसमें खेल-कूद की तरह पाठ्येतर गतिविधियां भी शामिल होती हैं। अदालत ने आदेश दिया कि एक बार दिशानिर्देश जारी होने के बाद, अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य के सभी स्कूलों द्वारा इसका पालन किया जाए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिसमें संस्थान को बंद करने का निर्णय भी शामिल है। न्यायमूर्ति पी वी कुन्हिकृष्णन ने कहा कि इस आदेश की प्राप्ति की तारीख से चार महीने के भीतर दिशानिर्देश जारी किए जाएं।

अदालत ने इस बात का संज्ञान लेने के बाद दिशानिर्देश जारी किये कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) संबद्धता उपनियम 2018 और काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन’ (सीआईएससीई) संबद्धता नियम स्पष्ट रूप से स्कूल में मैदान एवं आवश्यक खेल सुविधाओं का प्रावधान करते हैं, हालांकि केरल शिक्षा अधिनियम और नियमावली में इन चीजों की कमी है। अदालत ने अपने 11 अप्रैल के आदेश में कहा कि केरल शिक्षा नियम में एकमात्र शर्त यह थी कि प्रत्येक स्कूल में खेलों के लिए एक उपयुक्त मैदान होना चाहिए और इसके लिए पर्याप्त जगह आवश्यक है। अदालत ने कहा कि राज्य में कई स्कूल दशकों पहले स्थापित किए गए थे और कइयों में बाद के भवन निर्माण सहित विभिन्न कारणों से खेल-कूद


## गठबंधन की सरकार बनने पर एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी : तेजस्वी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि विपक्षी गुट ‘इंडि’ की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। राजद ने अपने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र’’ नाम दिया है। राजद के परिवर्तन पत्र में जनता से 24 वादे किए गए हैं।

यादव ने यहां घोषणापत्र जारी करने के दौरान कहा ‘‘हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। बिहार के विकास के लिए आज हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करेंगे।’’ उन्होंने कहा हम लोग जो वादा करते हैं उसे पूरा करके दिखाते हैं। 2020 के बिहार विस चुनाव के समय हम लोगों ने जितने भी वादे किए थे उसे अपने 17 महीने के कार्यकाल (बिहार की पिछली महागठबंधन सरकार) के दौरान पूरा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, हमने पांच लाख सरकारी नौकरी की व्यवस्था की। जाति आधारित गणना कराई और आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया। यादव ने कहा कि केंद्र में ‘इंडि’ गठबंधन की सरकार बनने पर देश भर में एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वर्तमान में 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। यादव ने कहा, हमारी सरकार बनने पर अगले 15 अगस्त से देश को बेरोजगारी से आजादी मिलनी शुरू हो जाएगी। हम लोगों का प्रण है कि आगामी 15 अगस्त से देश को बेरोजगारी से आजादी दिलाने के साथ-साथ इसी दिन से नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने का भी वादा किया गया है।



## विश्वविद्यालयों को समाज के लिए प्रासंगिक बने रहना चाहिए, उत्थान में योगदान देना चाहिए : कोविंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को यहां कहा कि विश्वविद्यालयों को समाज और राष्ट्र के लिए प्रासंगिक बने रहना चाहिए और उत्थान में योगदान देना चाहिए। कोविंद ने पिंपरी में डॉ डी वाई पाटिल विद्यापीठ के 15 वें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस कार्यक्रम में इसरो के अध्यक्ष सोमनाथ एस और सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर एस बी मजूमदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उन्होंने कहा, हमारे विश्वविद्यालयों को समाज और राष्ट्र के लिए हमेशा प्रासंगिक बने रहना चाहिए। उन्हें समाज के उत्थान में योगदान देना चाहिए। हमें खुद को राष्ट्रीय मिशन और चुनौतियों के साथ जोड़ना चाहिए। कोविंद ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, 2047 में विकासशील भारत और अन्य पहल जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो भारत को उन्नत देशों की श्रेणी में पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवाचार आज की दुनिया में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति दुनिया भर में फैल रही है और प्रौद्योगिकी जीवन के हर पहलू को पूरी तरह से बदल रही है। कोविंद ने कहा, इस तेजी से बदलते परिदृश्य में, हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के परिवर्तनकारी प्रभाव को नजरअंदाज नहीं कर सकते।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलियांवाला बाग नरसंहार में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोगों के प्रति शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और कहा कि उन शहीदों की देशभक्ति की भावना आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। औपनिवेशिक शासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रोलेट एक्ट’ के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों पर ब्रिटिश सेना ने 1919 में आज ही के दिन पंजाब के अमृतसर के जलियांवाला बाग में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की थी।

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘जलियांवाला बाग में मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। स्वराज के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाली उन सभी महान आत्माओं के प्रति देशवासी सदैव ऋणी रहेंगे। मुझे विश्वास है कि उन बलिदानियों की देश-भक्ति की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरित करती रहेगी।’’

## अनुच्छेद 370 के मुद्दे को जिंदा रखेंगे : उमर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखने से यह मुद्दा समाप्त नहीं हो जाता है और उनकी पार्टी इसे तब तक जीवित रखेगी जब तक कि केंद्र में एक ऐसी सरकार नहीं आ जाती जो जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने पर चर्चा करने को तैयार हो।

अब्दुल्ला ने यहां एक साक्षात्कार में ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, ‘‘यह सरकार हमेशा नहीं रहेगी। पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी को अनंतकाल के लिए पद पर रख सके, पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो



भाजपा को हमेशा पद पर बनाए रख सके। प्रत्येक सरकार का कार्यकाल निश्चित होता है, कुछ का कार्यकाल लंबा होता है, कुछ का छोटा होता है। ऐसा क्यों मान लें कि भविष्य में ऐसी कोई सरकार नहीं आएगी जो अनुच्छेद 370 पर हमसे बात करने को तैयार नहीं होगी।’’

उत्तरी कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रहे अब्दुल्ला ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा, ‘‘मुझे विश्वास है कि भविष्य में एक ऐसी सरकार होगी जो जम्मू कश्मीर की विशेष स्थिति के हमारे मुख्य मुद्दों पर हमारे साथ जुड़ने में प्रसन्न होगी और जब तक ऐसा नहीं होता, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे।’’

मुख्यमंत्री ने कहा, ‘‘हम इसके लिए लड़ते रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे। उच्चतम न्यायालय की मुहर से मामला बंद नहीं होता, क्योंकि अगर एक मुहर से मामला बंद हो जाता है, तो अनुच्छेद 370 पर इससे पहले मुहर लग गई थी और उच्चतम न्यायालय ने इसके पक्ष में फैसला सुनाया था। हां, हालिया फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इससे हमारी राजनीतिक लड़ाई नहीं रुकेगी।’’ उन्होंने दावा किया कि कई विपक्षी दलों की इस बारे में एक जैसी राय है।

## उद्धव ठाकरे ने निरंकुश शासन को बताया देश के लिए घातक, केंद्र में गठबंधन सरकार की तरफदारी की



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि निरंकुश शासन देश के लिए घातक है। उन्होंने यह कहते हुए केंद्र में गठबंधन सरकार की आवश्यकता बतायी कि ऐसे शासनों ने अतीत में ‘अच्छी तरह काम किया’ है। उन्होंने कहा कि मजबूत नेता की जरूरत है किंतु उसे सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। यहां अपने निवास मातोश्री में उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में पहली बार देश में इतने बड़े पैमाने पर असंतोष नजर आ रहा है। इस मौके पर भाजपा, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के कई पदाधिकारी शिवसेना (यूबीटी) में शामिल हो गये। उद्धव ठाकरे ने कहा, ‘‘निरंकुश शासन देश के लिए घातक है। एक समय था जब यह महसूस किया गया कि गठबंधन सरकार नहीं होनी चाहिए। लेकिन पी वी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह ने गठबंधन सरकारें अच्छी तरह चलायीं।’’

## केरल के मुख्यमंत्री सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए राहुल गांधी पर हमला कर रहे हैं : कांग्रेस

**कोच्चि।** केरल में विपक्षी कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपनी सरकार की प्रशासनिक विफलताओं को छिपाने और राज्य में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद करने के लिए सबसे पुरानी पार्टी और राहुल गांधी पर हमला कर रहे हैं।

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि पिछले 30 दिनों से ज्यादा समय से कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला करने के लिये एक ही भाषण पढ़ रहे हैं, लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने से बच रहे हैं। सतीशन ने कहा कि कांग्रेस का माकपा के वरिष्ठ नेता से एक ही सवाल है--आप राष्ट्रीय स्तर पर हमारे बिना सांप्रदायिकता और फासीवाद को कैसे हराएंगे। कांग्रेस इंडिया’ गठबंधन की अगुवाई कर रही है। अगर कांग्रेस तबाह होती है या कमजोर होती है, तो इससे किसे मदद मिलेगी। यह पिनराई विजयन से हमारा सवाल है। इसलिये, आप (विजयन) राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ बोल रहे हैं, ताकि भाजपा की मदद की जा सके। परवूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक सतीशन ने आरोप लगाया कि चूंकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के पास चुनाव की तारीख नजदीक आने पर दिखाने के लिए उपलब्धियां नहीं हैं, इसलिए वह अपनी प्रशासनिक विफलताओं, कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए कांग्रेस पर हमला कर रही है।

## बाल विवाह की कुप्रथा का शिकार होने से बचाई गई छात्रा इंटरमीडिएट में अव्वल

**अमरावती/भाषा।** बाल विवाह की कुप्रथा में झोंकने से बचाई छात्रा सभी बाधाओं को पार करते हुए आंध्र प्रदेश में इंटरमीडिएट बोर्ड के प्रथम वर्ष की परीक्षा में अव्वल आई है। ‘बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट’ के सचिव सौरव गौड़ ने बताया कि कुरनूल जिले की छात्रा जी निर्मला ने 440 में से 421 अंक हासिल किए हैं और टॉप’ किया है। परिवार द्वारा बाल विवाह के लिए मजबूर किए जाने और पिछले साल प्रशासन द्वारा बचाए जाने से लेकर इंटरमीडिएट परीक्षा में अव्वल आने तक उसने (निर्मला ने) लंबा सफर तय किया है।

## कविता ने एससी रेड्डी को ‘आप’ को पैसा देने की धमकी दी थी : सीबीआई ने अदालत को बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां की एक विशेष अदालत में कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने अरबिन्दो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के तहत उनकी कंपनी को आवंटित पांच खुदरा क्षेत्र के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को 25 करोड़ रुपये की राशि देने की कथित तौर पर ‘‘धमकी’’ दी थी।

सीबीआई के अनुसार, कविता ने रेड्डी से कहा था कि अगर वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को पैसा नहीं देते हैं तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान पहुंचेगा। दिल्ली में कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आरोपी रेड्डी मामले में सरकारी गवाह बन गया है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। सीबीआई ने अभी तक उसके खिलाफ कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है। बीआरएस नेता कविता से हिरासत में पूछताछ का अनुरोध करते हुए सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के जोर देने पर और आश्वासन पर’’, रेड्डी दिल्ली में शराब कारोबार से जुड़ा।

कविता ने रेड्डी को कथित तौर पर आश्वासन दिया था कि उनके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और वह आबकारी नीति के तहत राष्ट्रीय राजधानी में शराब के कारोबार में उनकी मदद करेंगी जो अब निरस्त हो चुकी है। सीबीआई ने शुक्रवार को अदालत को बताया, कविता ने शरत चंद्र रेड्डी से कहा था कि शराब कारोबार करने के लिए आम आदमी पार्टी को प्रत्येक खुदरा क्षेत्र के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये का भुगतान करना है और इतना ही भुगतान उनके साथियों अरुण आर पिल्लई और अभिषेक बोइनपल्ली को करना है जो बदले में विजय नायर से समन्वय करेंगे जो कि अरविंद केजरीवाल (दिल्ली के मुख्यमंत्री) का प्रतिनिधि था। अदालत ने कविता को 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। जांच एजेंसी के अनुसार, मार्च और मई 2021 में जब आबकारी नीति तैयार की जा रही थी तो पिल्लई, बोइनपल्ली और बुचिबाबू गोरंटला कुछ प्रावधान जोड़कर नायर के माध्यम से नीति को अपने पक्ष में करने के लिए दिल्ली में ओबरॉय होटल में रुके थे। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कविता से सहयोग का आश्वासन मिलने के बाद अरबिन्दो रिएलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने मार्च 2021 में कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत एनजीओ तेलंगाना जागृति को 80 लाख रुपये दिए थे। उसने कहा, ‘‘जांच में पता चला कि जून-जुलाई 2021 में के. कविता ने शरत चंद्र रेड्डी को तेलंगाना के महबूब नगर में स्थित एक कृषि भूमि के लिए उनके साथ बिक्री समझौता करने के लिए मजबूर किया जबकि वह उस जमीन को खरीदना नहीं चाहता था और उसे जमीन की कीमत भी नहीं पता थी।’’ सीबीआई ने रेड्डी के बयान और अपनी जांच के हवाले से अदालत को बताया कविता ने इस पर जोर दिया कि रेड्डी जमीन के बदले में 14 करोड़ रुपये का भुगतान करे और उसे जुलाई 2021 में अरबिंदो समूह की कंपनियों में से एक माहिरा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बिक्री समझौता करने के लिए मजबूर किया।

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भंडारा/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। भंडारा जिले के साकोली में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लोगों को परेशान करने वाले मुख्य मुद्दे बेरोजगारी और महंगाई हैं, हालांकि मीडिया ने इन्हें नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। गांधी ने केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, लोग बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त हैं। हालात ऐसे हैं कि जो कुछ हजार कमाते हैं तथा करोडों रुपये कमाने वाले समान जीएसटी चुका रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने के बाद उनकी पार्टी जातिगत जनगणना कराएगी क्योंकि यह देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। ‘अग्निवीरों’ की भर्ती वाले केंद्र के अग्निपथ कार्यक्रम की आलोचना करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने के बाद इसे खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि सेना इसके पक्ष में नहीं है। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को ओबीसी कहने वाले प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि उन्होंने अपने 10 साल के शासन में इस वर्ग के लिए क्या किया है। गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार कुछ उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है, जबकि आम लोगों को कुछ नहीं मिल रहा है।



## सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री के दौरे से पहले किया सवाल

# ‘मोदी ने मैसूरु के लिए किया क्या है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। लोकसभा चुनाव से पहले प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को मैसूरु और मंगलुरु का दौरा करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को उनसे यह बताने को कहा कि उन्होंने कर्नाटक के लिए क्या किया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ‘‘उन्हें (मोदी को) (मैसूरु) आने दीजिए। अगर मोदी आते और जाते हैं तो हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि वह प्रधानमंत्री हैं।’’

मोदी ने कहा, ‘‘उन्हें (मोदी को) ऐसा (चुनाव प्रचार) करने दीजिए लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि उन्होंने कर्नाटक के लोगों के लिए और बेरोजगारी से निपटने के लिए, कर हस्तांतरण में कर्नाटक के साथ हुए अन्याय और सूखे के प्रभाव को कम करने के लिए राज्य को शून्य मुआवजा दिए जाने के मामलों के संबंध में क्या कदम उठाए हैं?’’

मुख्यमंत्री ने बाद में मैसूरु में ‘जनध्वनि यात्रा’ नामक एक रोड शो के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और उनसे सवाल किया कि मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने, प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां पैदा करने, डीजल, पेट्रोल, गैस एवं उर्वरकों की कीमत कम करने और विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने के वादे को पूरा करने के लिए क्या किया।

मुख्यमंत्री ने लोगों से पूछा, ‘‘कई झूठों के जरिए भारतीयों को लगातार धोखा दिया गया और उन्हें छला गया। क्या आप ऐसे व्यक्ति को वोट देना चाहेंगे जिसने आपको 10 साल तक धोखा दिया।’’ उन्होंने मैसूरु शहर के विकास में कांग्रेस के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहर का हर बुद्धिमान व्यक्ति जानता है कि जयदेव अस्पताल, महिलाओं एवं बच्चों का अस्पताल, विद्यालयों और छात्रावासों का निर्माण किसने कराया।

सिद्दरामैया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास भी कांग्रेस की तरह काम करने का मौका था लेकिन उसने इसे गंवा दिया। उन्होंने लोगों से मैसूरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार एम लक्ष्मण के लिए वोट करने को कहा। लक्ष्मण का भाजपा उम्मीदवार और मैसूरु शाही परिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार से सीधा मुकाबला होगा।

सिद्दरामैया ने कहा, मोदी कल मैसूरु का दौरा कर रहे हैं। वह किस मुंह से वोट मांगेंगे? मोदी और उनके सांसदों को बताने दीजिए कि उन्होंने मैसूरु के लिए क्या किया है। मोदी 10 साल तक झूठ का सहारा लेने के बाद किसी मुंह से राज्य का दौरा करेंगे?

## रामेश्वर कैफे विस्फोट

# सिद्दरामैया ने एनआईए, कर्नाटक पुलिस का आभार जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले के आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राज्य पुलिस का शनिवार को आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूछताछ के बाद सच सामने आ जाएगा। सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं एनआईए और कर्नाटक पुलिस का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आरोपियों का पता लगाया और उन्हें कोलकाता में गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोपियों को ‘ट्रांजिट रिमांड’ पर बेंगलुरु लाया गया है। उन्होंने कहा, ‘‘पूछताछ के बाद मामले के बारे में पता चलेगा।’’ एनआईए ने आरोपियों- अब्दुल मतीन अहमद ताहा और मुस्सविर हुसैन शाजिब को कोलकाता से करीब 190 किलोमीटर दूर पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा कस्बे में एक होटल से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि ताहा विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का मुख्य कर्ताधर्ता था और शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में आरोपियों को 10 दिन की हिरासत में भेजा गया

बेंगलूरु। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में दो आरोपियों को शनिवार को राष्ट्रीय एजेंसी की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया। मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन अहमद ताहा को आज राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की विशेष अदालत के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

आरोपियों को एक मार्च को यहां रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी कथित भूमिका के लिए ‘ट्रांजिट रिमांड’ पर कोलकाता से राज्य की राजधानी लाया गया था, जिसमें 10 लोग घायल हो गए थे। एनआईए के मुताबिक, शाजिब ने कैफे में परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) रखा था और ताहा इसका मास्टरमाइंड था। पिछले महीने एनआईए ने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वालों को 10-10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी।

# नामांकन पत्र वापस नहीं लूंगा : भाजपा के बागी नेता ईश्वरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



शिवमोग्गा/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बागी नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के. एस. ईश्वरप्पा ने उन खबरों को शनिवार को खारिज कर दिया कि वह लोकसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी वापस ले लेंगे।

ईश्वरप्पा ने शिवमोगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के बड़े बेटे एवं इस सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बी वाई राघवेंद्र एवं कांग्रेस उम्मीदवार गीता शिवराजकुमार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के बागी नेता ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ‘‘मजबूत’’ करना है।

ईश्वरप्पा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ‘‘कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं अपना नामांकन पत्र वापस ले लूंगा। जो लोग मेरा समर्थन कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि मैं कभी धोखा नहीं दूंगा और मुकाबले में बना रहूंगा।’’ ईश्वरप्पा ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को दिखा दिया कि युवा शक्ति, महिला शक्ति और किसान शक्ति उनके साथ हैं।

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा अपने बेटे के.ई. कांतेश को हावेरी संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं दिए जाने से नाराज हैं। उन्होंने येडीयुरप्पा और उनके बेटे राघवेंद्र तथा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं शिकारीपुरा से विधायक बी वाई विजयेंद्र पर निशाना साधते हुए उन पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। ईश्वरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनके दिल में रहते हैं। ईश्वरप्पा चुनाव प्रचार के दौरान भगवा पटका पहन रहे हैं और मोदी की तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## प्रचार




तुमकुरु लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार वी सोमन्ना के समर्थन में शनिवार को तुमकुरु जिले के तुरुवेकेरे में जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा-जेडीएस की एक विशाल रैली निकाली गई।

# द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी ने मादक पदार्थ से हुई 40 करोड़ की कमाई फिल्म और रियल एस्टेट में लगाई : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) से बर्खास्त पार्टी के पदाधिकारी जाफर सादिक और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने कथित तौर पर नशीले पदार्थों की तस्करी से कमाई गई 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फिल्म उद्योग, आतिथ्य और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ अप्रैल को चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में इस मामले में छापे के बाद एक आधिकारिक बयान में ये दावे किए।

सादिक (36) को पिछले महीने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।

एनसीबी द्वारा सादिक के तार मादक पदार्थ नेटवर्क से कथित रूप से जुड़े होने का उल्लेख किए जाने के बाद उन्हें फरवरी में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। धनशोधन का मामला सादिक और उसके सहयोगियों के खिलाफ मादक पदार्थों के सीमा पार अवैध व्यापार’ में शामिल होने के आरोप में एनसीबी और सीमा शुल्क विभाग की ओर से दर्ज अलग-अलग शिकायतों पर आधारित है।

ईडी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह के कथित मास्टरमाइंड सादिक पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्वास्थ्य वर्धक पाउडर और सूखे नारियल के रूप में स्यूडोएफ़ेड्रिन की तस्करी करने का आरोप है।

# अमित शाह ने कन्याकुमारी में रोड शो किया

नागरकोइल/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार पोन राधाकृष्णन के समर्थन में शनिवार को कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया। शाह के दौरे से उत्साहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मेट्टुकदाई चौराहा, ठक्कलाई से कन्याकुमारी के पुराना बस स्टैंड तक रोड शो में शामिल हुए। शाह ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए अपने वाहन से कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। वह पूरे रास्ते पार्टी का कमल चिह्न लिये हुए थे। इस दौरान पार्टी के सदस्यों ने एक बार फिर मोदी सरकार, भारत माता की जय और एक बार फिर पोन्नार के नारे लगाए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राधाकृष्णन को उनके समर्थक प्यार से पोन्नार कहकर बुलाते हैं। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी देश को प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा के 400 सीट से अधिक हासिल करने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिलनाडु में लोग चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं।

# ‘इंडि’ गठबंधन चार जून को ‘सुखद जीत’ हासिल करेगा : स्टालिन

चेन्नई/दक्षिण भारत। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि इंडिया’ गठबंधन चार जून को सुखद जीत हासिल करेगा। स्टालिन शुक्रवार को राज्य के दौरे पर आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मैसूरु पाक प्राप्त करने पर अभिभूत थे। स्टालिन ने कहा कि उनके भाई के प्यारे भाव ने उन्हें भावविभोर कर दिया। दोनों नेताओं ने कोयंबटूर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राहुल गांधी कोयंबटूर में उनके लिए मैसूर पाक खरीदने के लिए सड़क के डिवाइडर को फांदकर मिठाई की एक दुकान की ओर तेजी से बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक का समर्थन करेगी एआईएमआईएम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/चेन्नई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ‘‘तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी हमारा गठबंधन जारी रहेगा।’’ जाहिर तौर पर उन्होंने राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया। ओवैसी ने कहा, ‘‘अन्नाद्रमुक ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया है और भविष्य में उसके साथ कभी गठबंधन नहीं करने की प्रतिबद्धता जताई है। पार्टी ने यह भी आश्वासन दिया है कि वह सीएए, एनपीआर और एनआरसी का विरोध करेगी। इसलिए, एआईएमआईएम आगामी लोकसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक को अपना समर्थन देती है। हमारा गठबंधन विधानसभा चुनाव के लिए भी जारी रहेगा।’’ संयोग से, एआईएमआईएम ने 2021 विधानसभा चुनावों के लिए तमिलनाडु में टीटीवी दिनाकरण की अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के साथ गठबंधन किया था और तीन सीटों से चुनाव लड़ा था। तब अन्नाद्रमुक भाजपा नीत राजग का हिस्सा थी। आगामी चुनाव के लिए एएमएमके अब राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा है। तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीट हैं और इनके लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।




# दपरे ने स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास तेज किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) ने रेलवे स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मंजूनाथ कनमाडी ने बताया कि दपरे तीन मंडलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

गर्मी के मौसम और लू की आशंका को ध्यान में रखते हुए दपरे ने स्टेशनों पर पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा की है और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडलों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। यात्रियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया गया कि यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यशील हैं। आपूर्ति के लिए स्टेशनों पर पानी के टैंकर लगाए गए हैं।

सभी स्टेशनों के प्रवेश द्वार, निकास द्वार और विशेष रूप से जनरल कोच के पास प्लेटफार्म छोर पर मटके उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा गैर-सरकारी संगठनों और स्काउट्स एंड गाइड्स तथा स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से, विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल के वितरण की व्यवस्था की जा रही है।

सभी प्लेटफॉर्मों पर पानी की उपलब्धता के लिए नियमित जांच करने की योजना बनाई गई है। स्टेशनों पर खानपान इकाइयों और पेंट्री कार, ट्रेन साइड वेंडिंग जैसी मोबाइल इकाइयों को पेयजल का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि दपरे सभी यात्रियों को आरामदेह और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एनएलएसआईयू ने परिसर में नए शैक्षणिक ब्लॉक के पुनर्विकास के लिए जेएसडब्ल्यू अनुदान की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

> ’एक मजबूत क्षेत्रीय उपस्थिति के माध्यम से फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू के संयंत्र और बंदरगाह स्थानों के आसपास के समुदायों को प्राथमिकता देते हुए 14 राज्यों के 33 जिलों में कार्यरत है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन सार्थक तरीके से भारत के सामाजिक विकास में योगदान देने के लिए इन स्थानों से परे समुदायों तक भी पहुंचता है।

बेंगलूरु। नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी ने विश्वविद्यालय के मुख्य शैक्षणिक ब्लॉक और परिसर के व्यापक पुनर्विकास और विस्तार के साथ ’जेएसडब्ल्यू सेंटर ऑन द फ्यूचर ऑफ लॉ’ की स्थापना के लिए जेएसडब्ल्यू समूह से अनुदान की घोषणा की है। यह अनुदान नगरभवी में एनएलएसआईयू परिसर के दक्षिणी भाग में स्थित न्यू अकादमिक ब्लॉक (एनएबी) के पुनर्विकास का सहयोग करेगा। दो मंजिला एनएबी मूल रूप से साल 2014 में बनाया गया था। इसमें व्याख्यान थिएटर, सेमिनार कक्ष, कार्यालय स्थान और बैठक कक्ष हैं।

जेएसडब्ल्यू अनुदान संकाय, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान स्थानों के साथ-साथ लचीला और तकनीकी रूप से उन्नत शिक्षण और कार्यालय स्थान प्रदान करने के लिए चार मंजिलों को जोड़ने और उपलब्ध दो मंजिलों का पुनर्विकास करने में मदद करेगा। इस इमारत को ’जेएसडब्ल्यू एकेडमिक ब्लॉक’ नाम दिया जाएगा और विश्वविद्यालय का नया अकादमिक केंद्र बनाने के लिए इसे हाल ही में पुनर्विकसित श्री नारायण राव मेलगिरि मेमोरियल नेशनल लॉ लाइब्रेरी सहित आसपास के परिसर के साथ एकीकृत किया जाएगा।

यह अनुदान परिसर में एक नए अनुसंधान केंद्र ’जेएसडब्ल्यू सेंटर फॉर द फ्यूचर ऑफ लॉ’ का भी सहयोग करेगा। यह केंद्र अकादमिक और नीति अनुसंधान और पाठ्यचर्या संबंधी प्रयोगों का संचालन करेगा, जो कानूनी प्रणाली, कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा के भविष्य पर नई प्रौद्योगिकियों के प्रभावों का पता लगाएगा। इस संबंध में एनएलएसआईयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) सुधीर कृष्णास्वामी ने कहा, ’यह उदार अनुदान विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़े एनएलएसआईयू समावेशन और विस्तार योजना 2021-25 के अगले चरण के सफल कार्यान्वयन को सक्षम बनाएगा। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय का लक्ष्य सामाजिक रूप से समावेशी विद्यार्थी निकाय बनाते हुए सभी के लिए अधिक अवसर प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश को लगभग 350 प्रतिशत तक बढ़ाना है। हम जेएसडब्ल्यू के सहयोग के लिए आभारी हैं।’ जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता जिंदल ने कहा, ’नए शैक्षणिक ब्लॉक को नया स्वरूप देने में जेएसडब्ल्यू के योगदान से परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए शिक्षण गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे और संसाधनों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार करने में मदद मिलेगी। कानूनी पेशा हमारे देश के विकास और प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह न्यायपूर्ण समाज है, जो विकास और वितरणात्मक न्याय के अवसर पैदा करता है। जेएसडब्ल्यू का उद्देश्य सिर्फ पेशेवरों के कौशल का समर्थन करना नहीं, बल्कि उनके सशक्तीकरण को सुविधाजनक बनाना है, जो समर्पण और उत्कृष्टता के साथ हमारे देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।’ जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स के एमडी पार्थ जिंदल ने कहा, ’वर्षों से जेएसडब्ल्यू समूह विभिन्न रूपों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। एनएलएस में फ्यूचर ऑफ लॉ सेंटर में योगदान से महत्त्वपूर्ण पहलू को सहयोग मिलेगा। यह एनएलएस को नए क्षेत्रों में छलांग लगाने और अग्रणी बनने का अवसर देगा। एआई में नई तकनीक का आगमन जैसे बड़े भाषा मॉडल पहले से ही कानूनी क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं।

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सीईओ अश्विनी सक्सेना ने कहा, ’एक मजबूत क्षेत्रीय उपस्थिति के माध्यम से फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू के संयंत्र और बंदरगाह स्थानों के आसपास के समुदायों को प्राथमिकता देते हुए 14 राज्यों के 33 जिलों में कार्यरत है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन सार्थक तरीके से भारत के सामाजिक विकास में योगदान देने के लिए इन स्थानों से परे समुदायों तक भी पहुंचता है।

# आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत की तरफ : वीके सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने देश की आर्थिक वृद्धि दर का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत की तरफ हैं। वह जयपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। देश की आर्थिक वृद्धि दर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,हमारी आर्थिक गति 6.8 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है और इसके आसपास दुनिया का कोई देश नहीं है। अमेरिका भी तीन (प्रतिशत) के करीब है चीन तीन (प्रतिशत) से थोड़ा ऊपर है, इसलिए पूरे विश्व की निगाहें भारत की तरफ हैं और ये तभी संभव हुआ जब एक मजबूत सरकार केंद्र में है। सिंह ने कहा, एक अच्छा नेतृत्व केंद्र में है। और एक ऐसा प्रधानमंत्री है जो सब चीजों पर ध्यान देता है और उसमें व्यक्तिगत तौर पर पूरा समय देता है ताकि देश एक अच्छे रास्ते के ऊपर चल पड़े। केंद्र में भाजपा नीत सरकार के दस साल के कार्यकाल में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुए विकास का जिक्र करते हुए सड़क सुरक्षा एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि जहां तक राष्ट्रीय राजमार्ग का सवाल है तो देश में साल 2014 तक नब्बे हजार किलोमीटर सड़कें थीं। अब तकरीबन 1.60 लाख किलोमीटर की सड़के हैं। उन्होंने कहा,देश में 2014 तक 74 हवाई अड्डे थे आज 144 है। और भी बन रहे हैं और हमारी कोशिश है कि आने वाले समय में यह संख्या 200 तक जल्दी पहुंचे। स्टार्टअप का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,युवा वर्ग के लिए बहुत काम हुआ है। उनको अवसर देने वाली बात है... वो है स्टार्टअप का एक इकोसिस्टम बनाना। 2015 में हमारे पास सिर्फ 415 स्टार्टअप थे। आज यूनिकॉर्न की संख्या के लिहाज से हम पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। स्टार्टअप की संख्या के लिहाज से हम दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। रोज नए बनने वाले स्टार्टअप की संख्या के लिहाज से हम दुनिया में नंबर एक हैं।' उन्होंने कहा,आज युवा को मौका मिल रहा है कि अपनी प्रतिभा को स्टार्टअप में लगाकर अपने दिमाग से अपनी कमाई कर सके और ये जब एक बार सिस्टम बन जाता है तो देश पनपना शुरू होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में ये सब चीजें भारत को उस स्थान पर खड़ा करेंगी जहां पर वह विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में गिना जाएगा।

## अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाने पर मिलेगा विशेष ऑफर

हनुमानगढ़। राजस्थान में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए हनुमानगढ़ के कई व्यापारियों ने अपने व्यापारिक संस्थानों में विशेष ऑफर एवं छूट का प्रावधान किया है और इसका फायदा उठाने वाले मतदाता को अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाना होगा। जिला निर्वाचन और स्वीप टीम के प्रोत्साहन पर इन व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानों में यह प्रावधान किया हैं। 40 व्यापारिक संस्थानों ने यह सकारात्मक पहल की है। चुनाव का पर्व देश का गर्व हैं। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए शहर के व्यापारिक संस्थानों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया है।

# न आरक्षण समाप्त करेंगे न करने देंगे : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों व पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का समर्थन करती है। उन्होंने कहा,''हम न आरक्षण समाप्त करेंगे न, न किसी को समाप्त करने देंगे।'' इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैलाकर लोगों को गुमराह करती है। अलवर जिले के हरसोली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह दावा किया। इस सभा का आयोजन अलवर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में किया गया था।

शाह ने कहा,''मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं... कांग्रेस गलतफहमी फैला रही है विशेषकर दलित व आदिवासी भाइयों में कि भाजपा आरक्षण समाप्त करने वाली है।

मेरी बात ध्यान से सुनो। आरक्षण चाहे दलितों को, आदिवासियों का हो या पिछड़ा वर्ग का... भाजपा इसका समर्थन करती है। हम न आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को समाप्त करने देंगे।'' शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठी बातें फैलाकर लोगों को गुमराह करती है। उन्होंने कहा,''(प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी स्वयं आरक्षण के सबसे बड़े समर्थक हैं।''

शाह ने कांग्रेस को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) विरोधी पार्टी बताते हुए कहा,''कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस पार्टी ने सालों तक अन्याय किया।

काका कालेलकर रिपोर्ट को दबाकर रखा। मंडल कमीशन को दबाकर रखा। मोदी जी ने आकर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम मोदी जी ने किया है।'' उन्होंने कहा,'' मैं आपको बताता हूं ... हमारे देश को, समग्र दुनिया में हमारा नाम रोशन करने वाले स्वयं मोदी जी, खुद ओबीसी समाज से आते हैं और 27 से ज्यादा ओबीसी मंत्री आज मोदी जी की कैबिनेट में हैं।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारे गौरव केंद्रों की रक्षा नहीं कर सकती।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए शाह ने कहा,''दस साल में प्रधानमंत्री मोदी ने असंभव दिखते हुए कई सारे काम किए हैं। दस साल का मोदी जी के पास रिकॉर्ड है और 25 साल की मोदी जी के पास प्लानिंग है इसलिए मोदी जी को चुनना है।''

### प्रचार



धौलपुर-करौली लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भाजपा प्रत्याशी श्रीमती इंदु देवी जाटव के समर्थन में विशाल रोड शो में सम्मिलित हुईं।

## कोटा में भाजपा कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी

कोटा। राजस्थान के कोटा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस मामले के पीछे हर संभव पहलू की जांच कर रही है। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार मनोज सुमन को सुबह दो पत्र मिले, जिसमें से एक उनके घर के दरवाजे पर चिपका हुआ था जबकि दूसरा पत्र उनके दरवाजे पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि सुमन का घर शहर के उद्योग नगर थाने के अंतर्गत आता है। शिकायत के अनुसार दोनों पत्रों में सुमन और उनके परिवार के सदस्यों का सिर कलम करने की धमकी दी गई है। सुमन द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 505 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उद्योग नगर थाने के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

डीडवाना। डीडवाना जिले के लाडनूं मेगा हाईवे स्थित मंगलपुरा दुजार के बीच ट्रक पलट कर बाइक पर गिरने से बाइक सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। मुश्किल से दबे हुए शवों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। दोनों शवो को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं,हादसे के बाद रास्ते में जाम लग गया। मौके पर पहुंची क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया। जानकारी के अनुसार ट्रक में रंग-पेंट्स के ड्रम भरे थे और वह लाडनूं की तरफ से आते हुए डीडवाना की तरफ जा रहा था।

बाइक सवार डीडवाना से लाडनूं की तरफ जा रहे थे। तभी डीडवाना की तरफ आ रहा ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक पर गिर गया। हादसे में बाइक पर सवार पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। पिता पुत्र लाडनूं दावत में शामिल होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान 28 वर्षीय फिरोज एवं बेटा पांच वर्षीय अमर रजा के रूप में हुई।

# लोकसभा चुनाव में अजमेर संसदीय क्षेत्र में भाजपा एवं कांग्रेस में सीधा मुकाबला

अजमेर/दक्षिण भारत। राजस्थान में आगामी 26 अप्रैल को दूसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत अजमेर संसदीय क्षेत्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सांसद भागीरथ चौधरी और विपक्षी दल कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। इस बार चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का सहारा है जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अजमेर डेयरी में तीस साल से अधिक वर्षों से अध्यक्ष चले आ रहे रामचन्द्र चौधरी को जिले में उनकी मिल्कमैन की छवि का सहारा है। दोनों प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए है और अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

भाजपा उम्मीदवार मोदी सरकार की उपलब्धियां और मोदी गारंटी को जनता के बीच रख रहे हैं जबकि कांग्रेस प्रत्याशी लोगों से एक मौका देने का आग्रह कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख दलों ने जाट को अपना उम्मीदवार बनाया हैं और ऐसे में जिस तरफ जाट मतदाता ज्यादा झुकेंगे उसकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है लेकिन मोदी गारंटी के चलते मौजूदा सांसद भागीरथ चौधरी अपनी जीत पक्की मान रहे हैं। इस चुनाव में अजमेर जिले के 19 लाख 85 हजार 960 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र वाले इस जिले में साढ़े तीन महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में सात पर भाजपा तथा एक पर कांग्रेस का विधायक है। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में 14 उम्मीदवार अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे है। इनमें भाजपा एवं कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के सात तथा इतने ही निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है।

# हनुमानगढ़ में भजनलाल शर्मा का रोड़ शो, कहा- 90 दिन में सरकार ने 45 प्रतिशत वादे पूरे किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भादरा में शनिवार को आयोजित विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया व चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया को प्रचण्ड बहुमतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत करती भाजपा कार्यकर्ता।

हनुमानगढ़। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीगंगानगर लोकसभा प्रत्याशी प्रियंका बैलान के समर्थन में टाउन में रोड शो किया। सीएम शर्मा ने खुली जीप में सवार होकर 49 मिनट में 2 किलोमीटर की दूरी तय की। रात 8 बजकर 14 मिनट पर वाल्मिकी चौक पहुंचे सीएम भजनलाल ने भगवान वाल्मीकि और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोड शो की शुरुआत की। रोड शो में 49 मिनट तक सीएम पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा की। 5 जगह पर बड़ी मालाओं से स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान काफी संख्या में पुरुष, महिला और युवा शामिल हुए। जैसे ही रोड शो आगे बढ़ता दुकानदार और आमजन फूलों की वर्षा करते। सीएम भी पूरे रास्ते में हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर अभिनंदन करते रहे। रोड शो का समापन 9 बजकर 9 मिनट पर धान मंडी में हुआ।

रोड शो के बाद भजनलाल शर्मा विश्राम के लिए राजवी पैलेस पहुंचे। यहां उन्होंने सवा दस बजे अलग-अलग समाज के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात शुरू की। यह सिलसिला देर रात्रि तक चला। चर्चा के दौरान सिर्फ प्रतिनिधिमंडल के सदस्य ही मौजूद रहे। अन्य पदाधिकारी या कार्यकर्ताओं को प्रवेश नहीं दिया गया। प्रतिनिधिमंडलों में शामिल लोगों के अनुसार सीएम ने हर मुलाकात के दौरान समाज की प्रगति के बारे में बातें की। उनके सामने भाजपा सरकार द्वारा करवाए गए कार्यों का भी जिक्र किया।

हनुमानगढ़ टाउन अनाज मंडी में रोड शो के समापन पर गाड़ी पर खड़े होकर ही आमजन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हनुमानगढ़ जवान और किसान की धरती है। इसे धान का कटोरा भी कहा जाता है। 5 मिनट के भाषण में सीएम ने विशेषकर किसान वर्ग को साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि बहुत सी समस्याओं का हमने समाधान कर दिया है, जो समस्याएं रह गई हैं वो मेरे ध्यान में हैं। लेकिन, अब आचार संहिता की वजह से बोल नहीं सकता। चुनाव के बाद अन्य समस्याओं का प्रमुखता से समाधान किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि सरकार ने 90 दिनों में 45 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश में मोदी सरकार बनेगी। अबकी बार 400 पार के नारे के साथ सीएम ने कहा कि भाजपा सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास के ध्येय से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि श्रीगंगानगर लोकसभा सीट पर पार्टी की 5 लाख से अधिक वोटों से जीत होगी। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री के साथ खुली जीप में केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा,सांसद निहालचंद, पार्टी प्रत्याशी प्रियंका बैलान, जिलाध्यक्ष देवेंद्र पारीक, विधायक गणेश राज बंसल, अमित सहू सवार रहे।

समापन पर लोकसभा क्षेत्र संयोजक बलवीर बिश्नोई, नप सभापति सुमित रणवां, मीडिया प्रभारी महेश शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। खास बात रही कि रोड शो के दौरान समर्थकों ने गणेशराज व अमित के नारे लगाए। प्रत्याशी के साथ सीएम के भी समर्थन में नारे नहीं लगे तो पार्टी पदाधिकारियों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ ही लोगों ने सीएम भजनलाल शर्मा और प्रियंका बैलाण के नारे लगाए।



# राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में न्यूजीलैंड के दंपति रहे प्रथम स्थान पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में चल रहे मेवाड महोत्सव में आयोजित विदेशी युगल की राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर न्यूजीलैंड के जोनाथन स्पर्क एवं उनकी पत्नी यास्मीन क्लार्क रहे है।

मेवाड महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को गणगौर घाट पर आयोजित राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में जिम्बाब्वे के बेन काइज एवं उनकी माँ जेनिफर द्वितीय तथा ग्रीस की मिस सोना तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में सैन फ्रेंसिस्को के पाको और उनकी पत्नी रोजा को, नीदरलैंड के विलियम बे और उनकी पत्नी मेफिकी, इटली के सरिगो और उनकी पत्नी जैकलीन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को होटल व्यवसाय से जुड़े संस्थानों द्वारा प्रायोजित पुरस्कार प्रदान किये गए।

# गर्मी जनित बीमारियों से लोगों से बचाने के लिए बनेगी कार्य योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में गर्मी बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को गर्मी व लू जनित बीमारियों से बचाने की तैयारी शुरू कर दी है और विभागीय अधिकारियों से कार्य योजना बनाने को कहा गया है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की शनिवार को हुई बैठक में इस बारे में चर्चा हुई और निर्देश दिए गए। एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए 'ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम' (श्रेणीबद्ध कार्रवाई प्रणाली)लागू किया जाएगा। साथ ही, राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 'हीट एक्शन प्लान' बनाकर आमजन को लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत राज्य के रेगिस्तानी जिलों, जहां तापमान अधिक रहता है एवं लू अधिक चलती है, वहां विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शनिवार को लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से बचाव, उपचार एवं जागरूकता गतिविधियों को लेकर राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस में इस संबंध में निर्देश दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें शुभ्रासिंह ने कहा कि गर्मी बढ़ने पर अगले दो से तीन माह चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, ऐसे में विभाग हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी एवं लू का स्तर बढ़ने पर चेतावनी यलो, ओरेंज एवं रेड अलर्ट के अनुसार श्रेणीबद्ध प्रणाली तैयार कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि आमजन को लू एवं गर्मी जनित बीमारियों की स्थिति में तत्काल उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए 'ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल' तैयार किया जाए। एम्बुलेंस की क्रियाशीलता की जांच करने के साथ ही प्राथमिक उपचार के लिए किट्स तैयार करवाई जाएं। अस्पतालों में विशेष वार्ड बनाए जाएं। दवाओं एवं जांच किट्स की पर्याप्त उपलब्धता रहे। चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित निचले स्तर तक आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए। अधिकारी ने कहा कि लू एवं तेज गर्मी की स्थिति में आमजन को बीमारियों से बचाने के लिए श्रम विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्थानीय निकाय विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय रखते हुए कार्य योजना बनाई जाए।

### संबोधन




गंगापुर सिटी में शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

# देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह महाराज ने की खालसा पंथ की स्थापना : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज ने सन् 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैसाखी का पावन पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। मुख्यमंत्री शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गुरुद्वारा पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने भी प्रधान सेवादार गुरुद्वारा नजरबाग, अयोध्या बाबा महेंद्र सिंह; गुरु नानक विद्यालय चंदन नगर की प्राचार्य रंजित कौर, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बांसमंडी की प्रधानाचार्य निशा तिवारी, खालसा इंटर कॉलेज के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाकार और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक नई प्रेरणा का है, क्योंकि गुरु गोविंद सिंह महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की, जो एक नए पथ के सृजन का आधार बना। साथ ही यह दिन पूरे समाज के लिए स्मरणीय हो गया। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज और सिख गुरुओं ने देश के साथ धर्म की रक्षा के लिए योगदान दिये, जो आज और भविष्य के लिए भी हमारी प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। उन्होंने कहा कि सिख बंधुओं की मांग पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। हम सभी इसका अभिनंदन करते हैं। यह हमारे युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी देश के विभाजन की कीमत को जानते हैं क्योंकि गुरु नानक देव के पावन स्थल करतारपुर साहिब पर जाने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने कॉरिडोर का निर्माण कर लोगों को अपने अतीत से जोड़ने और गुरु परंपरा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह देश ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। यह देश सिख गुरुओं के योगदान और बलिदान के प्रति सदैव कृतज्ञता भाव से ऋणी रहेगा।



## यदि मोदी नहीं होते तो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता : राज ठाकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं हो पाता।

राज ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मनसे नेताओं की एक सूची तैयार करेगी जिनसे 'महायुति' गठबंधन के नेता चुनावी समन्वय के लिए संपर्क कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इन प्रश्नों को टाल दिया कि क्या वह महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राकंपा के सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' के पक्ष में रैलियों को संबोधित करेंगे।

राज ठाकरे ने आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने आज कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं अनुषंगी संगठनों के साथ बैठक की है और उन्हें महायुति समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मनसे नेताओं को उचित सम्मान मिलेगा।



## आजम, अतीक और मुख्तार से दोस्ती के कारण सपा का सफाया हो गया : मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी ''आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी से दोस्ती के कारण सपा का सफाया हो गया।'' शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए मौर्य ने कहा, अखिलेश यादव के तीन दोस्त हैं आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी। इनमें से दो अब जीवित नहीं हैं लेकिन इस दोस्ती के कारण समाजवादी पार्टी का सफाया हो गया।

गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की पिछले साल प्रयागराज में पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि मुख्तार अंसारी की पिछले महीने बांदा के अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान कई मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद इस समय सीतापुर जेल में बंद हैं। सपा और कांग्रेस पर अपना हमला जारी रखते हुए मौर्य ने कहा कि इन दलों ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया और जनता इन्हें इस वजह से अपना वोट नहीं देगी। मौर्य ने कहा, यह आश्चर्य की बात है कि जब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विधानसभा सदस्यों को राम मंदिर देखने के लिए अपने साथ आने के लिए आमंत्रित किया, तब भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने विधायकों को उनकी इच्छा के विरुद्ध अयोध्या जाने से रोका।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 'शीर्ष गेमर्स' के साथ किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के 'शीर्ष गेमर्स' के साथ गेमिंग उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ई-गेमिंग उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों और उसके भविष्य के बारे में हुई इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'गेमर्स' से कई सवाल किए जबकि कुछ खेलों में उन्होंने अपना हाथ भी आजमाया।

बातचीत के दौरान मोदी ने 'गेमर्स' से कहा, लोगों ने विभिन्न समाधानों की पेशकश की है। मेरे पास 'मिशन लाइफ' नामक एक वैकल्पिक समाधान है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाने के लिए हमारी दैनिक जीवन शैली को बदलने की वकालत करता है। अब, वैश्विक जलवायु मुद्दों को संबोधित करने के उद्देश्य से एक खेल की कल्पना करें, जिसमें 'गेमर' सबसे टिकाऊ दृष्टिकोण की पहचान करने के लिए विभिन्न तरीकों और समाधानों का पता लगाये। उन्होंने कहा, ''ये कदम क्या हैं? हम इसके माध्यम से कैसे आगे बढ़ सकते हैं और सफलता के लिए सबसे अच्छा तरीका चुन सकते हैं? एक उदाहरण के रूप में स्वच्छता को ही लें। खेल का विषय स्वच्छता के इर्द-गिर्द घूम सकता है और हर बच्चे को यह खेल खेलना चाहिए। युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाना चाहिए और उनके वास्तविक महत्व को समझना चाहिए।'' 'गेमर्स' ने प्रधानमंत्री के साथ 'गेमिंग' उद्योग में नए क्रियाकलापों के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे सरकार ने भारत में 'गेमिंग' उद्योग को बढ़ावा देने वाले गेमर्स' की रचनात्मकता को मान्यता दी है। उन्होंने 'गेमिंग' उद्योग में महिलाओं की भागीदारी पर भी चर्चा की और साथ ही 'जुआ बनाम गेमिंग' से संबंधित मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आज भाजपा अपना घोषणापत्र जारी करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक सूचना में शनिवार को यह जानकारी दी गई। भाजपा अपने घोषणापत्र को संकल्प पत्र का नाम देती रही है। इसका मसौदा तैयार करने के लिए पार्टी ने पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। समिति ने कई बैठकों के बाद संकल्प पत्र को अंतिम रूप दिया है।

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, किरण रीजीजू और अर्जुन राम मेघवाल के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद सहित इस कुल 27 नेता इस समिति के सदस्य हैं। सीतारमण इस समिति की संयोजक हैं। घोषणापत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। मोदी लगातार गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा अपने घोषणा पत्र में इनसे संबंधित मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होने हैं। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## केजरीवाल को तिहाड़ जेल में परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात नहीं करने दी जा रही : संजय सिंह का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में उनके परिवार के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से मिलने नहीं दिया जा रहा है। सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मुख्यमंत्री केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है।''

उन्होंने कहा, ''उनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से मिलने की अनुमति नहीं दी गई है। उन्हें केवल 'जंगला' के माध्यम से मिलने की अनुमति है। यह अमानवीय है। यहां तक कि कट्टर अपराधियों को भी व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की अनुमति है।'' मुलाकात 'जंगला' लोहे की एक जाली होती है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी और उससे मुलाकात करने आए लोगों के बीच होती है। दोनों पक्ष जाली के आर-पार से बातचीत कर सकते हैं। सिंह ने कहा, उसी तिहाड़ जेल में कई मुलाकातें हो रही हैं... लेकिन तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपमानित किया जा रहा है और उन्हें जंगला से उनके परिवार से मिलवाया जा रहा है। यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा, ''एक कैदी के रूप में उनके अधिकार छीने जा रहे हैं।'' आप नेता सिंह को इस महीने की शुरुआत में दिल्ली आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी है। तिहाड़ प्रशासन ने फिलहाल सिंह के दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सड़क पर नमाज पढ़ने पर, 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मेरठ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में ईद के मौके पर सड़क पर अदा की गई नमाज के मामले में पुलिस ने 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि घटना के वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बृहस्पतिवार को ईदगाह में नमाजियों की संख्या पूरी होने पर लोगों ने सड़क पर बैठ कर नमाज अदा की। शाही ईदगाह में सड़क पर नमाज पढ़ने से रोकने पर नमाजियों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई थी।

घटना के अगले दिन यानी 12 अप्रैल को रेलवे रोड थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामऔतार सिंह की तहरीर पर 100 - 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा 200 सीट भी नहीं जीतेगी : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जलपाईगुड़ी/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 200 सीट पर भी जीत दर्ज नहीं कर सकेगी। उन्होंने इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी जा रही गारंटी को 'झूठा' करार दिया।

उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गये संविधान को नष्ट कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रैली में उन्होंने कहा, ''भाजपा 200 सीट भी नहीं जीतेगी। उन्होंने उत्तर बंगाल के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'गारंटी' के झांसे में नहीं आएं। ये कुछ और नहीं बल्कि चुनावी जुमला है।'' भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने चुनाव में 400 से अधिक लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, 'आप ने (भाजपा) देश के संविधान को नष्ट कर दिया है जिसे बाबासाहेब आंबेडकर ने तैयार किया था।'

## कांग्रेस 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में अधिक सीट पर जीतेगी : चिदंबरम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक सीट जीतेगी और अनुमान जताया कि 'इंडि' गठबंधन तमिलनाडु एवं केरल में शानदार जीत हासिल करेगा।

चिदंबरम ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि न तो हिंदू धर्म, न ही हिंदू किसी खतरे में हैं और मोदी को हिंदुओं का ''रक्षक'' के रूप में पेश करने के लिए समूचे विपक्ष को ''हिंदू-विरोधी'' करार देना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सोची समझी रणनीति है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी की इस चुनाव में अहम भूमिका है और राज्य में किला अभेद्य बनाए रखने की उनकी क्षमता 'इंडि' गठबंधन को मजबूती देगी। चिदंबरम ने कहा, मैं सभी राज्यों के बारे में नहीं बोल सकता। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 'इंडि' गठबंधन तमिलनाडु में शानदार जीत दर्ज करेगा। केरल में, दोनों मोर्चे (यूडीएफ और एलडीएफ) 20 सीट साझा करेंगे और भाजपा के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ेंगे। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें लोकप्रिय हैं और पार्टी को 2019 से कहीं ज्यादा सीट पर जीत मिलेगी। कांग्रेस ने 2019 के चुनाव में कुल 52 सीट पर जीत दर्ज की थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन करने का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और दिल्ली से 'इंडि' गठबंधन के लिए उत्साहजनक रिपोर्ट है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाना और उन्हें भारत को तोड़ने पर आमादा हिंदू-विरोधी राजनीतिक नेताओं का ''समूह'' कहना लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की रणनीति है।

## प्रधानमंत्री मोदी और देवताओं के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भदोही/भाषा।** भदोही जिले की सुरयावा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'असंसदीय' भाषा के साथ कई हिन्दू देवताओं का कार्टून बनाकर फेसबुक पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुरयावा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राम नगीना यादव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के ज़रिये शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि सोनू कुमार के फेसबुक पर 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र बातें लिख कर पोस्ट किया गया। इसके साथ हनुमानजी का एक कार्टून बनाकर लंका जलाने और भगवान विष्णु का कार्टून के साथ तीर-कमान लिए हुए तीन पोस्ट किया गया था।

एसएचओ ने बताया कि जांच में उक्त फेसबुक खाता सुरयावा थाना के पाली गांव निवासी सोनू कुमार का पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों वायरल पोस्ट का स्क्रीनशॉट ले लिया गया है।

# आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने से रोका गया : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जगदलपुर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भारत की राष्ट्रपति को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से रोका गया क्योंकि वह एक आदिवासी हैं और यह भाजपा की सोच को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने आगामी लोकसभा चुनावों को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई बताया, जिसमें संविधान की रक्षा करने वाले और इसे नष्ट करने वाले लोग शामिल हैं। यह चुनावी रैली अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कवासी लखमा के समर्थन में आयोजित की गई। गांधी ने कहा,मोदी जी ने आदिवासी शब्द को बदलने की कोशिश की है। हम आपको आदिवासी कहते हैं भाजपा के लोग वनवासी कहते हैं। वनवासी में और आदिवासी में जमीन-आसमान का फर्क है।आदिवासी का मतलब वह वर्ग जो इस जमीन का, जल का, जंगल का पहला और असली मालिक है। जो लोग आपको आदिवासी कहते हैं वह इस बात को मानते हैं कि हिंदुस्तान के जल, जंगल, जमीन पर आपका पहला हक बनता है। जो आदिवासी कहते हैं वह आपके धर्म, आपकी भाषा, आपके जीने का तरीका, आपके इतिहास का आदर करते हैं। दूसरी तरफ जो आपको वनवासी कहते हैं वह आपको हिंदुस्तान के हकदार नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, ''हम आपके लिए पेसा कानून लाए, आदिवासी बिल लेकर आए, मनरेगा लेकर, आपके हक के लिए काम किया। दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस के लोग आपके धर्म पर, आपकी विचारधारा पर आपकी भाषा और आपके इतिहास पर आक्रमण करते हैं।'' गांधी ने कहा, ''हिंदुस्तान में जंगल कम होते जा रहे हैं। भाजपा, अडाणी जैसे अरबपति लोगों को जंगल की जमीन दे रही है। एक दिए ऐसा आ जाएगा जब हिंदुस्तान में जंगल नहीं होगा, भाजपा-आरएसएस के लोग आपसे कहेंगे आप तो वनवासी हो, अब जंगल नहीं है तो आप कहीं के नहीं हो, यह सोच है उनकी।'' उन्होंने कहा, राम मंदिर का उद्घाटन हुआ। हिंदुस्तान की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, उनको कहा गया कि ''आप राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं आ सकती। उनको मना कर दिया। राष्ट्रपति को मना किया क्योंकि वह आदिवासी हैं। आदिवासी को राम मंदिर के इनॉगरेशन में नहीं आने देंगे, यह मोदी जी ने देश को मैसेज दिया। यह इनकी सोच है।''

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ''आपने देखा होगा भाजपा का नेता आदिवासी युवा पर पेशाब कर रहा है, फिर उस वीडियो को भाजपा के लोग हिंदुस्तान में फैला रहे हैं कि देखो आदिवासियों के साथ हम क्या कर सकते हैं। यह इनकी सोच है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''आपके सामने जो चुनाव है यह दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ 'इंडि' गठबंधन जो लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं और दूसरी तरफ नरेंन्द्र मोदी जी, अडाणी जी, आरएसएस है जो संविधान पर, लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं।

## मोदी के शब्दों के बहकावे में नहीं आयें, परिवर्तन के लिए वोट करें : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रामनगर (उत्तराखंड)/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को लोगों से कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों में इस्तेमाल किए गए शब्दों के 'बहकावे में नहीं आएं' और आगामी लोकसभा चुनाव में बदलाव के लिए वोट करें। उत्तराखंड के रामनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि चुनाव वास्तविक मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए, न कि खोखली बयानबाजी के आधार पर।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, मोदीजी द्वारा अपने चुनावी भाषणों में इस्तेमाल किए गए शब्दों के बहकावे में नहीं आएं। अपना वोट डालने से पहले, आपको ईमानदारी से खुद से पूछना चाहिए कि क्या मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में वास्तव में आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती बेरोजगारी, अनियंत्रित महंगाई और प्रश्नपत्र लीक घोटाले लोगों के जीवन की सच्चाई हैं और इनके लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जिम्मेदार है क्योंकि वह पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है। प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि लोगों को मोदी से पूछना चाहिए कि रिसॉर्ट रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी और पड़ोसी उत्तर प्रदेश के उन्नाव की एक महिला के हत्यारों को कौन बचा रहा है। प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए लोगों को याद दिलाया कि युवाओं को दो करोड़ नौकरियां और प्रत्येक नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने जैसे वादे अधूरे हैं। उन्होंने भाजपा पर वोट के लिए हर चुनाव में धर्म का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। गांधी ने कहा, मोदी ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले उस राज्य को भी देवभूमि कहा था। कांग्रेस ने चुनाव जीता और जब कुछ महीने के बाद आपदा आई, तो मोदी सरकार ने राज्य के लोगों को राहत के रूप में एक पैसा भी नहीं दिया। सारी राहत राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से दी।

## सुविचार

**बड़े ही अजीब हैं ये ज़िन्दगी के रास्ते, अनजाने मोड़ पर कुछ लोग अपने बन जाते हैं, मिलने की खुशी दें या न दें, मगर बिछड़ने का गम ज़रूर दे जाते हैं।**

## ट्वीट

नवरात्रि में माता के भक्त आज के दिन देवी दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करते हैं। नवचेतना की प्रदायिनी देवी स्कंदमाता से प्रार्थना है कि वे देश के मेरे सभी परिवारजनों पर सदैव अपनी कृपा बनाए रखें।

**-नरेन्द्र मोदी**



महिला मोर्चा की बहनों द्वारा निरंतर घर-घर जनसंपर्क करके 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का समर्थन प्राप्त किया जा रहा है। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के बीकानेर पूर्व विधानसभा में बहनों द्वारा घर-घर जनसंपर्क किया गया।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



## कहानी

# घसीटा

पुष्पेश कुमार 'पुष्प'

मोबाइल : 09135014901

घसीटा जब काजीचक होते हुए कब्रगाह की ओर निकलता, तो बच्चों की फौज उसे चारों ओर से घेर लेती। यह वही घसीटा था, जिसके लंबे-लंबे अधपके बाल, मैले-कुचले पैबंद लगे कपड़े पहने और कंधे पर एक गंदा थैला टांगे बच्चों के बीच झूमने लगता और अपने गंदे से थैले से टॉफियां निकालकर बच्चों में बांटता। बच्चों के बीच झूमते घसीटा को मानो परम आनंद की अनुभूति का एहसास होता। इसी आनंद की अनुभूति में झूमता हुआ वह अपने मंजिल की ओर निकल जाता और गंगा तट पर अवस्थित कब्रगाह में बने मकबरे के पीछे घंटों बैठता और रात की वीरानगियों में वहां से निकलता। उसका बसेरा न जाने कहां था? फिर वह सुबह होते ही न जाने कहां से उसी रास्ते से कब्रगाह की ओर बढ़ने लगता। घसीटा का बच्चों से विशेष लगाव और घंटों कब्रगाह में बने मकबरे के पीछे गंगा के तट पर बैठने का रहस्य लोग समझ नहीं पा रहे थे।

घसीटा कौन था और कहां से आया था? कोई नहीं जानता था। उसका इस दुनिया में कोई है भी या नहीं। यह भी कोई नहीं जानता था। कोई उसे पहुंचा फकीर समझता, तो कोई पागल। कोई उसे दो-चार रुपये दे देता कोई भरपेट भोजन करा देता। अगर कोई उसे कुछ नहीं भी देता, तो उसे भी आशीर्वाद देते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ जाता। लोगों के दिये पैसों से वह बच्चों के लिए टॉफियां खरीदता और हर पल खुदा की इबादत में लगा रहता। यही कारण था कि कोई अपना भविष्य जानने के लिए हाथ आगे बढ़ा देता, तो बीमार लोग निरोग होने की कामना से उसके आगे अपना सिर झुका देते। घसीटा की जिंदगी यूं ही चल रही थी।

अचानक एक दिन एक व्यक्ति उसे खोजते हुए कब्रगाह की ओर जाने वाली सड़क पर लोगों से उसके बारे में पूछताछ करने लगा। यह जानकर लोग आश्चर्यचकित रह गये कि घसीटा का इस दुनिया में कोई है भी। लोगों ने उसे प्रेम पूर्वक बिठाया और पूछा कि उसका घसीटा के साथ क्या रिश्ता है ?

उसने कहा - वह घसीटा का कुछ नहीं लगता। वह तो उसके गांव का रहने वाला है। घसीटा विगत कई दिनों से अपने गांव अकबरपुर नहीं गया है। इसलिए उसकी खोज-खबर लेने आया हूं।

लोग यह जानने को उत्सुक थे कि घसीटा कौन है ? उसका इस दुनिया में कोई है भी या नहीं ? वह कहां का रहने वाला है ?

पहले तो वह व्यक्ति घसीटा के संबंध में कुछ बताने से साफ इंकार कर दिया। फिर लोगों के काफी कहने पर, वह नितांत उदास स्वर में बोला- यह एक दुखांत कहानी है, जिसे सुनकर आप लोगों का हृदय पसीज जायेगा।

घसीटा अकबरपुर गांव का रहने वाला था। मुस्लिम परिवार में जन्म लेने वाला घसीटा सर्वधर्म समभाव में विश्वास करता था। जाति धर्म से परे उसका एकमात्र धर्म था- वह था मानवता का। घसीटा का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। वह अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। उनके पास कोई अकूत संपत्ति तो थी नहीं कि उसका लालन-पालन किसी शहजादे की तरह होता। गरीबी में पला-बढ़ा घसीटा बचपन से ही मिलनसार स्वभाव का था। वह गांव के सभी लोगों को मान-सम्मान देता था। उसे धन-दौलत की कोई कामना नहीं थी। वह अपनी ही दुनिया में मस्त था। किसी प्रकार उसने स्नातक तक पढ़ाई की और पढ़ाई पूरी करते ही उसे सरकारी नौकरी लग गयी। नौकरी होते ही शादी के रिश्ते आने लगे और उसकी शादी एक अमीर की बेटी से हो गयी। वैसे उसका वास्तविक नाम रहमान था। घसीटा नाम उसका कैसे पड़ गया। मैं नहीं जानता।

उसकी पत्नी का नाम खुशबू था। खूशबू काफी खूबसूरत और चंचल स्वभाव की थी। नाम के अनुरुप न होकर, वह नाम के विपरीत थी। शादी के बाद कुछ समय तक घर का माहौल काफी खुशनुमा रहा। फिर धीरे - धीरे उस खुशबू की खुशबू दुर्गंध के रुप में फैलने लगी। उसके मन में क्या चल रहा था, रहमान समझ नहीं पाया।

रहमान सीधा-साधा और ईमान का पक्का था। वही उसकी पत्नी ऐशो-आराम में जीने वाली और आधुनिक विचारों वाली फैशन परस्त थी। केवल तनख्वाह से उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो रही थी।

खुशबू उसे हमेशा प्रताड़ित करती रहती और कहती- ईमानदारी से केवल दाल-रोटी की व्यवस्था हो सकती है। आपके इस ईमानदारी के कारण मेरा जीवन नर्क बन गया है। मैं ऐसी जिंदगी नहीं जी सकती। मेरे बच्चों का भविष्य तो अंधकारमय हो जाएगा। इस ईमान के भूत को अपने सिर उतार दो, वरना मैं तुम्हारे साथ नहीं रह पाऊंगी।

रहमान उसे समझाता - देखो, खुशबू ! ईमान की रोटी में जो सुकून है, वह बेईमानी की रोटी में नहीं। मैं तुम्हारे ऐशो-आराम के लिए अपने ईमान को नहीं बेच सकता। जहां तक मेरे बच्चों का प्रश्न है, उनकी परवरिश मैं इसी कमाई से कर सकता हूं। हां, ईमान की कमाई से ऐशो-आराम की जिंदगी नहीं बितायी जा सकती। लेकिन सुख-चैन की जिंदगी जरूर बितायी जा सकती है।

लेकिन रहमान की बातों का उस पर कोई असर नहीं हुआ और दोनों का वैवाहिक जीवन में उसी समय से दरार पड़ने लगा। रहमान अपने बच्चों से बहुत प्यार करता था। उसकी पत्नी ने उसे अपने बच्चों से दूर करने का निश्चय कर लिया। उसने बच्चों के मन में पिता के प्रति जहर घोलना शुरु कर दिया। बच्चे भी रहमान से दूर होते जा रहे थे। पैसों की खातिर घर में कलह शुरु हो गया। रहमान तो सुबह अपने ऑफिस चला जाता, लेकिन खुशबू रहमान का सारा गुस्सा उसके माता-पिता पर उतारती। भोजन के नाम पर बचा हुआ व जूठा खाना खाने को दे दिया करती। वे दोनों जीवन के अंतिम पड़ाव पर खड़े अपनी बहू के अत्याचार को खुशी-खुशी सह रहे थे। वे दोनों इस बात को रहमान को बताना नहीं चाहते थे, क्योंकि यह जानकर रहमान के दिल पर ठेस पहुंचती। वे अपने बेटे की जिंदगी में जहर घोल नहीं चाहते थे। यही सोचकर चुपचाप खुशबू के अत्याचार को सहने को मजबूर थे।

एक दिन ऑफिस जाने के दौरान उसकी कोई फाइल घर पर ही छूट गयी। वह अपनी फाइल लेने घर आ गया। अपनी आंखों के सामने मां-बाप को भिखारियों की तरह बचा-खुचा और जूठा भोजन करते देख उसका हृदय असहनीय पीड़ा से कराह उठा। वह भी आधा पेट भोजन।

वह गुस्से से कांप गया और चीखकर बोला- खुशबू ! खुशबू ! इधर आओ।

खुशबू काफी देर बाद आयी और उत्तेजित स्वर में बोली- क्या हुआ? जो इतना चिल्ला रहे हो।

यह क्या है? वह एकदम गुस्से कांपते हुए बोला।

खुशबू मौन धारण कर ली और उसे एकटक देखने लगी।

जिस मां-बाप ने स्वयं घुटनभरी जिंदगी जीकर मुझे इस योग्य बनाया। मेरे जीवन के हर पल को सुखमय बनाने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। जिस मां ने रातभर जागाकर मुझे सुलाया। बचपन से लेकर आज तक मेरे जीवन के दुख को स्वयं झेलने को तत्पर रही। जिस मां-बाप ने अपने अरमानों का गला घोंटकर मुझे पढ़ाया-लिखाया, ताकि एक दिन मैं उसके बुढ़ापे का सहारा बनूंगा। आज उसी मां-बाप को भिखारी से भी बदतर जीवन जीने को तुमने विवश कर दिया। तुम भी तो एक मां हो। कल तुम्हारे बच्चे भी तुम्हारे साथ ऐसा ही व्यवहार करेंगे, तो तुम्हें कैसा लगेगा? घर ही बच्चों का प्रथम पाठशाला होता है। जो तुम करोगी, वही तो वह सीखेंगे। मैं अपने मां-बाप के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं कर सकता। तुम्हें मेरे साथ जीवन बिताना है, तो मेरे माता-पिता को मान-सम्मान देना ही होगा। अन्यथा तुम ......? यह कहते-कहते उसकी आंखों से आंसू बहने लगे।

खुशबू चिढ़कर बोली- मुझे तुम्हारे साथ रहने से सुख ही क्या है ? मेरे मां-बाप ने तुमसे शादी कराकर बहुत बड़ी भूल की है। मैं तुम जैसे गरीब घर की नहीं हूं। मेरे पिता के घर में तुम जैसे लोग नौकर का काम करते हैं। आखिर तुम लोगों की औकात ही क्या है ? तुम्हारे मां-बाप इसी योग्य हैं। तुम्हारे साथ शादी करके मेरे कौन से अरमान पूरे हुए हैं। मैं स्वयं तुम्हारे साथ रहना नहीं चाहती। मैं ऐसी घटिया जिंदगी नहीं जी सकती। तुम्हारे मां-बाप की सेवा करने का मैंने ठेका नहीं ले रखा।

यह सुनते ही वह क्रोध से तिलमिला गया। उसका सारा शरीर क्रोध की अग्नि में धधकने लगा। तभी उसके माता-पिता ने समझाया - बेटा ! इस प्रकार क्रोध करने से कुछ नहीं होगा। इंसान की जिंदगी में यह सब चलता ही रहता है। इन बातों को भूल जाओ अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाओ। अब हम दोनों को जीना ही कितना है! तुम मेरी चिंता छोड़ दो। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखो। तुम्हारी खुशी में ही हमारी खुशी है।

इस घटना ने घसीटा की जीवन दिशा ही बदल दी। दर्द के सैलाब में डूबा घसीटा अपनी नौकरी से त्याग पत्र दे दिया और शांति की खोज में भटकने लगा। उसका अशांत मन उसके मन-मस्तिष्क को झकझोर रहा था।

इधर खुशबू अपने अरमानों की चित्ता जलने देना नहीं चाहती थी। दोनों पति-पत्नी के रिश्ते में दूरियां बढ़ती ही जा रही थी। मोबाइल पर सारा दिन चैट करने वाली खुशबू को व्हाट्सएप पर किसी अमीर घराने के युवक से प्रेम से हो गया। घसीटा सारा दिन शांति की खोज में भटकता रहता और खुशबू अपने प्रेमी को घर पर बुलाने लगी। इसी मिलन के दौरान एक दिन घसीटा के मां-बाप ने उसका यह कुकृत्य देख लिया। कहीं यह बात घसीटा को न मालूम हो जाए, इस डर से खुशबू और उसके प्रेमी ने घसीटा के मां-बाप की हत्या कर दी। खुशबू अपने दोनों बच्चों, सारे नगद रुपये और गहने लेकर अपने प्रेमी के साथ भाग गयी।

घसीटा जब रात को घर लौटा, तो वहां का वीभत्स दृश्य देखकर चीत्कार कर उठा। उसकी भयानक चीत्कार पूरे गांव में गूंज गयी। लोग उसके घर की ओर दौड़ पड़े। वहां का दृश्य देखकर लोगों की रुहें कांप गयी। पहले से ही अशांत घसीटा अपना होशो-हवास खो बैठा। वह पागलों की भांति इधर-उधर भटकने लगा। न खाने की चिंता और न सोने की। वह तो परम शांति की खोज में भटक रहा था। वह बच्चों के बीच और कब्रगाह में घंटों बैठे न जाने किस सोच में डूबा रहता और रात में अपने गांव लौट जाता। सुबह फिर अपनी मंजिल की ओर चल पड़ता। अब वह अपने गांव के कब्रगाह को छोड़कर शहर के कब्रगाह को अपना बसेरा बना लिया है। वह इधर कई दिनों से अपने गांव नहीं आया, तो मुझे उसकी चिंता सताने लगी। बस एक बार उसे देखना चाहता हूं। क्या आप लोग एक बार मुझे उससे मिलवा सकते हैं ? लोग उसे घसीटा से मिलवाने कब्रगाह ले गये, जहां वह मकबरे के पीछे ध्यान की मुद्रा में बैठा हुआ था। उसे देखकर वह व्यक्ति संतुष्ट हो गया और बिना उसका ध्यान भंग किये लौट गया।

उसकी दर्दनाक कहानी सुनकर लोगों का हृदय घसीटा के प्रति दया और करुणा से भर गया। घसीटा की यह दिनचर्या निरंतर चलती रही। बच्चों में घुलमिल जाना और घंटों कब्रगाह में बैठने का यह क्रम चलता रहा। उसका मुस्कुराता चेहरा और मुस्कुराते हुए कब्रगाह की ओर बढ़ जाना। वहां जाकर ध्यानस्थ हो जाना लोगों की समझ से परे थी। आखिर समाज से दूर रहने वाला घसीटा का बच्चों और कब्रगाह इतना लगाव क्यों है ? घंटों कब्रगाह में बैठने के पीछे आखिर रहस्य क्या है? न जाने कितने सवाल लोगों के मन-मस्तिष्क में कौंध रहे थे।

और एक दिन अचानक घसीटा बच्चों व कब्रगाह से भी दूर हो गया। उसका मुस्कुराता चेहरा, बच्चों की फौज से घिरा रहने वाला घसीटा न जाने कहां चला गया? लोगों ने कब्रगाह का चप्पा-चप्पा छान मारा, लेकिन घसीटा का कहीं अता-पता नहीं था। आज भी घसीटा की यादें लोगों के मन-मस्तिष्क को झकझोर देती है। मानो मुस्कुराता हुआ घसीटा बच्चों की फौज से निकलकर धीमें कदमों से कब्रगाह की ओर चला जा रहा हो। घसीटा कहां गया? कोई नहीं जानता, लेकिन घसीटा की यादें लोगों के मन-मस्तिष्क बस गयी थी। दुखों से एकाकार होने वाला घसीटा दुखों को झेलते-झेलते गुमनामी के अंधकार में न जाने कहां खो गया? शेष बची थी, तो बस उसकी यादें।

**घसीटा अकबरपुर गांव का रहने वाला था। मुस्लिम परिवार में जन्म लेने वाला घसीटा सर्वधर्म समभाव में विश्वास करता था। जाति धर्म से परे उसका एकमात्र धर्म था- वह था मानवता का। घसीटा का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। वह अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। उनके पास कोई अकूत संपत्ति तो थी नहीं कि उसका लालन-पालन किसी शहजादे की तरह होता। गरीबी में पला-बढ़ा घसीटा बचपन से ही मिलनसार स्वभाव का था। वह गांव के सभी लोगों को मान-सम्मान देता था। उसे धन-दौलत की कोई कामना नहीं थी।**

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज

9890122603

writersanjay@gmail.com



# या घट अंतर बाग-बगीचे

'चरन्मार्गान्विजानाति।'
(महाभारत, आदिपर्व 133-23)
पथिक को मार्ग का ज्ञान स्वत: हो जाता है।

मनुष्य शाश्वत पथिक है। एक जीवन में सारी जिज्ञासाओं का शमन नहीं हो सकता। फलत: वह लौट-लौट कर आता है। 84 लाख योनियों में जगत का भ्रमण करता है, पर्यटन करता है।

ध्यान रहे कि यात्रा पर्यटन नहीं है पर यात्रा का पर्यटन से गहरा संबंध है। पर्यटन के लिए यात्रा अनिवार्य है। पर्यटन निर्धारित स्थान की सायास घुमक्कड़ी है। तथापि हर यात्रा अपने आप में अनायास पर्यटन है। भारत के संदर्भ में अधिकांश पर्यटन स्थल तीर्थ हो जाते हैं। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा था, टू अदर कंट्रीज़, आई मे गो एज़ अ टूरिस्ट, बट टू इंडिया, आई कम एज़ अ पिलग्रिम। ( मैं दूसरे देशों में पर्यटक के तौर पर जा सकता हूँ पर भारत में मैं तीर्थयात्री के रूप में आता हूँ।

स्कंदपुराण के काशीखण्ड में तीन प्रकार के तीर्थों का उल्लेख मिलता है- जंगम तीर्थ, स्थावर तीर्थ और मानस तीर्थ। हम मानस तीर्थ की यात्रा पर चर्चा करेंगे। दुनिया का भ्रमण कर चुके पर्यटक भी इस अनन्य पर्यटन से वंचित रह जाते हैं। सच तो यह है कि हममें से अधिकांश इस पर्यटन स्थल तक कभी पहुँचे ही नहीं।

एक दृष्टांत द्वारा इसे स्पष्ट करता हूँ। एक भिक्षुक था। भिक्षुक बिरादरी में भी घोर भिक्षुक। जीवन भर आधा पेट रहा। एक कच्ची झोपड़ी में पड़ा रहता। एक दिन आधा पेट मर गया। बाद में उस स्थान पर किसी इमारत का काम आरंभ हुआ। झोपड़ी वाले हिस्से की खुदाई हुई तो वहाँ बेशकीमती ख़ज़ाना निकला। जिस ख़ज़ाने की खोज में वह जीवन भर रहा, वह तो ठीक उसके नीचे ही गड़ा था। हम सब की स्थिति भी यही है। हम सब एक अद्भुत कोष भीतर लिए जन्मे हैं लेकिन उसे बाहर खोज रहे हैं।

भीतर के इस मानसतीर्थ का संदर्भ महाभारत के अनुशासन पर्व में मिलता है। दान-धर्म की चर्चा करते हुए अध्याय 108 में युधिष्ठिर ने भीष्म पितामह से सब तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ की जानकारी चाही है। अपने उत्तर में मानस तीर्थ का वर्णन करते हुए पितामह कहते हैं, जिसमें धैर्यरूप कुण्ड और सत्यरूप जल भरा हुआ है तथा जो अगाध, निर्मल एवं अत्यन्त शुद्ध है, उस मानस तीर्थ में सदा परमात्मा का आश्रय लेकर स्नान करना चाहिए। कामना और याचना का अभाव, सरलता, सत्य, मृद भाव, अहिंसा, प्राणियों के प्रति क्रूरता का अभाव- दया, इन्द्रियसंयम और मनोनिग्रह- ये ही इस मानस तीर्थ के सेवन से प्राप्त होने वाली पवित्रता के लक्षण हैं। जो ममता, अहंकार, राग-द्वेषादि द्वन्द्व और परिग्रह से रहित हैं, वे विशुद्ध अन्त:करण वाले साधु पुरुष तीर्थस्वरूप हैं, किंतु जिसकी बुद्धि में अहंकार का नाम भी नहीं है, वह तत्त्वज्ञानी पुरुष श्रेष्ठ तीर्थ कहलाता है।

वास्तव में स्थूल शरीर के माध्यम से यात्रा करते हुए हम स्वयं को शरीर भर मान बैठते हैं। सच तो यह है कि हम शरीर नहीं अपितु शरीर में हैं। सत्य को भूलकर हम भीतर से बाहर की यात्रा में जुट जाते हैं जबकि अभीष्ट बाहर से भीतर की यात्रा होती है।

इस यात्रा पर जो निकला, वह मालामाल हो गया। सारी सृष्टि के बाग़-बग़ीचे भी फीके हैं इस भीतरी पर्यटन के आगे। संत कबीर लिखते हैं,

या घट अंतर बाग़-बग़ीचे, या ही में सिरजनहारा।
या घट अंतर सात समुंदर, या ही में नौ लख तारा।
या घट अंतर पारस मोती, या ही में परखनहारा।
या घट अंतर अनहद गरजै, या ही में उठत फुहारा।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, या ही में साँई हमारा।।

भीतर का पर्यटन सायास और अनायास दोनों है। इस पर्यटन में सतत अनुसंधान भी है। यह एक ऐसा पर्यटनलोक है, जिसके एक खंड की रजिस्ट्री हर मनुष्य के नाम हैं। हरेक के पास स्वतंत्र हिस्सा है। ऐसा पर्यटनलोक जो सबके लिए सुलभ है, नि:शुल्क है, बारहमासी है, प्रति पल है।

जितनी यात्रा भीतर होगी, जगत को देखने की दृष्टि उतनी ही बदलती चली जाएगी। लगेगा कि आनंद ही आनंद बरस रहा है। रसघन है, छमाछम वर्षा हो रही है, भीग रहे हो, सब कुछ नेत्रसुखद, सारे भारों से मुक्त होकर नृत्य करने लगोगे। छुट्टियों का समय है, पर्यटन का समय है। चलो पर्यटक बनें, अपने भीतर का भ्रमण करें। पर्यटन से अभिप्रेत परमानंद यही है।

## बोध कथा

# खूनी झील

एक बार की बात है एक जंगल में एक झील थी। जो खुनी झील के नाम से प्रसिद्ध थी। शाम के बाद कोई भी उस झील में पानी पिने के लिए जाता तो वापस नहीं आता था। एक दिन चुन्नू हिरण उस जंगल में रहने के लिए आया। उसकी मुलाकात जंगल में जग्गू बन्दर से हुई। जग्गू बन्दर ने चुन्नू हिरण को जंगल के बारे में सब बताया लेकिन उस झील के बारे में बताना भूल गया। जग्गू बन्दर ने दूसरे दिन चुन्नू हिरण को जंगल के सभी जानवरों से मिलाया। जंगल में चुन्नू हिरण का सबसे अच्छा दोस्त एक चीकू खरगोश बन गया। चुन्नू हिरण को जब ही प्यास लगती थी तो वह उस झील में पानी पिने जाता था। वह शाम को भी उसमें पानी पिने जाता था। एक शाम को वह उस झील में पानी पिने गया तो उसने उसमें बड़ी तेज़ी से अपनी और आता हुआ एक मगरमच्छ देख लिया। जिसे देखकर वह बड़ी तेज़ी से जंगल की तरफ भागने लगा। रास्ते में उसको जग्गू बन्दर मिल गया।



जग्गू ने चुन्नू हिरण से इतनी तेज़ भागने का कारण पूछा। चुन्नू हिरण ने उसको सारी बात बताई। जग्गू बन्दर ने कहा की मै तुमको बताना भूल गया था की वह एक खुनी झील है। जिसमे जो भी शाम के बाद जाता है वह वापिस नहीं आता। लेकिन उस झील में मगरमच्छ क्या कर रहा है। उसे तो हमनें कभी नहीं देखा। इसका मतलब वह मगरमच्छ ही सभी जानवरों को खाता है जो भी शाम के बाद उस झील में पानी पिने जाता है। अगले दिन जग्गू बन्दर जंगल के सभी जानवरों को ले जाकर उस झील में गया। मगरमच्छ सभी जानवरों को आता देखकर छुप गया। लेकिन मगरमच्छ की पीठ अभी भी पानी से ऊपर दिखाई दे रही थी। सभी जानवरों ने कहा की यह पानी के बाहर जो चीज़ दिखाई दे रही है वह मगरमच्छ है। यह सुनकर मगरमच्छ कुछ नहीं बोला। चीकू खरगोश ने दिमाग लगाया और बोला नहीं यह तो पत्थर है। लेकिन हम तभी मानेंगे जब यह खुद बताएंगा। यह सुनकर मगरमच्छ बोला की मै एक पत्थर हूँ। इससे सभी जानवरों को पता लग गया की यह एक मगरमच्छ है। चीकू खरगोश ने मगरमच्छ को कहा की तुम इतना भी नहीं जानते की पत्थर बोला नहीं करते। इसके बाद सभी जानवरों ने मिलकर उस मगरमच्छ को उस झील से भगा दिया और खुशी खुशी रहने लगे।

## वीर गाथा

# हवलदार जश ठाकुरः अपनी जान से ज्यादा साथियों की जान की परवाह की

हवलदार जश ठाकुर का जन्म 14 फरवरी, 1959 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें पैराशूट रेजिमेंट में शामिल किया गया, जो बहादुरी के अनूठे कारनामों के लिए जानी जाती है। बाद में वे 9 पैरा (एसएफ) में आ गए।

अगस्त 1987 में जब श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए भारतीय सैनिक वहां उग्रवादियों से लोहा ले रहे थे, जश ठाकुर भी वहां तैनात थे। लिट्टे के उग्रवादी घात लगाकर हमला कर रहे थे, जिसको ध्यान में रखते हुए जवानों को बहुत ज्यादा सतर्क रहना पड़ता था।

अक्टूबर में भारतीय सेना ने ऑपरेशन के तहत उग्रवादियों पर जोरदार धावा बोला था। इससे लिट्टे में खौफ का माहौल था। मुठभेड़ के दौरान लिट्टे के कई उग्रवादी ढेर हो रहे थे। सेना ने जाफना और उसके आस-पास के इलाकों में लिट्टे पर शिकंजा कसने की रणनीति बनाई थी। जश ठाकुर भी अपनी यूनिट के जवानों के साथ उग्रवादियों से दो-दो हाथ कर रहे थे। 12 अप्रैल, 1989 को जश ठाकुर और साथी जवानों को लिट्टे उग्रवादियों के खिलाफ विशेष ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया था। वे निर्दिष्ट स्थान पर जा रहे थे कि उन पर बीच रास्ते में करीब दो दर्जन उग्रवादियों ने हमला बोला।

इस गोलीबारी से कई जवान घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जश ठाकुर ने तुरंत मोर्चा संभाला और एलएमजी से उग्रवादियों पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। उग्रवादियों को ऐसे हमले की उम्मीद नहीं थी। इधर, जश ठाकुर की एलएमजी आग उगल रही थी। उधर, उग्रवादियों में भगदड़ मची हुई थी।

इसके बाद जश ठाकुर ने अपने एक घायल साथी की बंदूक उठाई और मुकाबला जारी रखा। वे वाहन से बाहर निकले और उग्रवादियों को ललकारा। अचानक उनकी नजर एक उग्रवादी पर पड़ी, जो घायल जवानों की ओर चुपके से आगे बढ़ रहा था। वह उन्हें नुकसान पहुंचाकर हथियार लूटना चाहता था।

जश ठाकुर ने उस उग्रवादी पर धावा बोला। इस दौरान उन्हें कई गोलियां लगीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने अपनी जान से ज्यादा साथियों की जान की परवाह की और मुकाबला जारी रखा ... और तब तक जारी रखा, जब तक कि सांसों का सिलसिला नहीं थम गया। जश ठाकुर ने अपने पड़ोसी देश में शांति की स्थापना और साथी जवानों की रक्षा करते हुए कर्तव्य के लिए बलिदान दिया। उन्हें मानवता कभी भुला नहीं सकेगी। हवलदार जश ठाकुर को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। - दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारतीय सेना ने सियाचिन ग्लेशियर में चार दशक पूरे किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारी सामानों को उठाने में सक्षम हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों का उपयोग, सभी सतहों के लिए अनुकूल वाहनों की तैनाती, मार्गों का विशाल नेटवर्क बिछाया जाना उन कई कदमों में शामिल हैं जिन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में भारत की सैन्य कौशल बढ़ाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर में भारतीय सेना ने अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किये हैं और पिछले कुछ वर्षों में बुनयादी ढांचा बढ़ने से उसकी अभियानगत क्षमता में काफी सुधार आया है। कराकोरम पर्वत शृंखला में करीब 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया में सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को बर्फीली और सर्द हवा से जूझना पड़ता है। भारतीय सेना ने अपने ऑपरेशन 'मेघदूत' के तहत 13 अप्रैल, 1984 में इस ग्लेशियर पर अपना पूर्ण नियंत्रण कायम किया था।

एक अधिकारी ने कहा, सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण न केवल अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प की गाथा है, बल्कि प्रौद्योगिकी उन्नति और साजो–सामान संबंधी सुधारों की एक असाधारण यात्रा भी है जिसने सबसे दुर्जेय इलाकों में से एक इस क्षेत्र को अदम्य जोश और नवोन्मेष के प्रतीक में बदल दिया। उन्होंने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि खासकर पिछले पांच सालों में उठाये गये कदमों ने सियाचिन में तैनात इन जवानों के जीवन स्तर और अभियानगत क्षमताओं में सुधार लाने में लंबी छलांग लगायी है।पिछले साल जनवरी में सेना के इंजीनियर कोर की कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन ग्लेशियर की अग्रिम चौकी पर तैनात किया गया था। एक अहम रणक्षेत्र में एक महिला सैन्य अधिकारी की यह ऐसी पहली अभियानगत तैनाती थी। अधिकारी ने कहा कि सियाचिन में गतिशीलता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार आया है।

उन्होंने कहा, ''मार्गों के विशाल नेटवर्क के विकास तथा सभी क्षेत्रों के लिए अनुकूल वाहनों के उपयोग ने ग्लेशियर में गतिशीलता में काफी सुधार लाया है।'' एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुल जैसे नवोन्मेषों से सेना प्राकृतिक बाधाओं को पार पाने में समर्थ हुई है तथा हवाई केबलमार्गों में उच्च गुणवत्ता की 'डायनीमा' रस्सियों से सुदूरतम चौकियों में भी सामानों की बेरोकटोक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा, ''भारी सामानों को ले जाने में सक्षम हेलीकॉप्टरों एवं ड्रोनों से इन चौकियों पर तैनात कर्मियों के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार आया है। अधिकारी ने कहा, ''विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों, विशेष राशन की उपलब्धता से दुनिया के सबसे अधिक सर्द रणक्षेत्र में प्रतिकूल दशाओं से टक्कर लेने की सैनिकों की क्षमता बढ़ जाती है।''

जश्न



म्यांमार के यांगून में थिंगयान जल उत्सव के जश्न के दौरान प्रदर्शन करते लोग। म्यांमार का जीवंत थिंगयान जल उत्सव शनिवार को शुरू हो गया, जिसके साथ पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा है।



# 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में शिरकत करेंगे शक्ति कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता शक्ति कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित हो रहे कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' में नजर आयेंगे। इस शनिवार, शक्ति कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' में खास मेहमान के रूप में दिखाई देंगे। इस एपिसोड में, दर्शकों को दिलचस्प बात भी पता चलेगी, जिसमें हुमा कुरेशी पहली बार किसी सेलिब्रिटी से मिलने के बारे में बताएंगी, और यह सेलिब्रिटी कोई और नहीं बल्कि खुद शक्ति कपूर थे। यह शो 'एनिमल स्पूफ' का एक और एक्ट पेश करेगा जहां कुशाल बद्रीके 'बलराज' की भूमिका निभाएंगे, केतन सिंह 'रणविजय' के रूप में नज़र आएंगे, और हेमांगी कवि मेडिटेशन इंस्ट्रक्टर की भूमिका में दिखेंगी।इस मस्ती में शक्ति कपूर की मज़ेदार कमेंट्री मनोरंजन को और भी बढ़ा देगी, और यह परफॉर्मेंस स्टैंडिंग ओवेशन के योग्य होगा। मेज़बान हर्ष गुजराल मंच पर एक स्टैंड-अप परफॉर्मेंस देंगे, जो पुरुषों के अजीब और मासूम बर्ताव पर प्रकाश डालता है, जिसे शक्ति कपूर और हुमा कुरेशी दोनों से तारीफ और सम्मान मिलता है। परितोष त्रिपाठी और स्नेहिल मेहरा दीक्षित उर्फ ङ्कङ्कबीसी आंटी के बीच पेट बनाम पति को लेकर जोशीली कॉमेडिक डिबेट हुई, जिसने दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

कुशाल बद्रीके के साथ मिलकर, अभिनेत्री और कॉमेडियन चित्राशी रावत 'पप्पू ज़ेरॉक्स गैग' का हिस्सा होंगी, जहां एक अमीर लड़की अपने शक्की पिता को अपने बॉयफ्रेंड के बारे में कहानियां सुनाती है जिससे कॉमेडिक उथलपुथल मच जाती है।

एक गुदगुदाने वाले पैपराज़ी गैग में सिद्धार्थ सागर शक्ति कपूर के सहपाठी का मज़ेदार प्रदर्शन करते हैं, जबकि गौरव दुबे, हेमांगी कवि और इंदर साहनी क्रमशः योगा प्रशिक्षक, सेलिब्रिटी और फ़ोटोग्राफ़र की भूमिका निभाते हैं। और, हंसी एवं तालियों के बीच समय निकालकर, हुमा कुरेशी ने शक्ति कपूर से उनके क्लासिक संवाद सीखें, जिससे हर कोई पुरानी यादों में खो गया! 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' इस शनिवार-रविवार रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होता है।

# अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे गोपी थोटाकुरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। उद्यमी एवं पायलट गोपी थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय होंगे। वह अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन एनएस-25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष की सैर करने जाएंगे। वह इस मिशन पर जाने वाले छह अंतरिक्ष यात्रियों में से एक होंगे। इसके साथ ही वह पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। एयरोस्पेस कंपनी ने बताया कि अभी अंतरिक्ष में जाने की तारीख की घोषणा नहीं की गयी है। यह 'न्यू शेपर्ड' कार्यक्रम के लिए मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाली सातवीं उड़ान और उसके इतिहास में 25वीं उड़ान होगी। अभी तक इस कार्यक्रम के तहत 31 मनुष्यों को कार्मन रेखा से ऊपर ले जाया गया है जो पृथ्वी के वायुमंडल और अंतरिक्ष के बीच प्रस्तावित पारंपरिक रेखा है।'न्यू शेपर्ड' ब्लू ओरिजिन द्वारा अंतरिक्ष पर्यटन के लिए विकसित पूरी तरह से पुन: इस्तेमाल होने वाला उप-कक्षीय प्रक्षेपण यान है। ब्लू ओरिजिन के अनुसार, गोपी एक पायलट और विमान चालक हैं जिन्होंने वाहन चलाने से पहले उड़ान भरना सीख लिया था। वह हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप स्थित समग्र कल्याण और व्यावहारिक स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक केंद्र 'प्रीजर्व लाइफ कोर्प' के सह-संस्थापक हैं। वह वाणिज्यिक रूप से विमान उड़ाने के अलावा एयरोबेटिक विमान और सीप्लेन के साथ ही गर्म हवा के गुब्बारे भी उड़ा चुके हैं। वह अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा विमान पायलट के तौर पर भी काम कर चुके हैं। रोमांचक यात्राओं के शौकीन थोटाकुरा ने हाल में तंजानिया के माउंट किलिमंजारो ज्वालामुखी की भी चढ़ाई की थी। आंध्र प्रदेश में जन्मे थोटाकुरा ने एम्ब्री-रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है। उनके साथ मैसन एंजेल, स्लिवेन चिरोन, केनेथ एल. हेस, कैरोल शालेर और वायुसेना के पूर्व कैप्टन एड ड्वाइट अंतरिक्ष में जाने वाले अन्य पर्यटकों में शामिल हैं।

# फूल शायद डायनासोर से भी अधिक प्राचीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ब्रिस्टल(द कन्वरसेशन)। फूल नाजुक दिख सकते हैं – लेकिन फूल वाले पौधे, जिन्हें वैज्ञानिक एंजियोस्पर्म कहते हैं, ग्रह पर सबसे सफल विकासवादी जीवों में से एक हैं। 350,000 से अधिक ज्ञात प्रजातियों सहित, वे पारिस्थितिक तंत्र पर हावी हैं, खाद्य जाल को आकार देते हैं और ऑक्सीजन उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, उनमें से कई मूल्यवान व्यावसायिक फसलें हैं जैसे गुलाब, अनाज और टमाटर।

क्या आपने कभी सोचा है कि फूल पहली बार कब विकसित हुए, और इन खूबसूरत प्रजातियों को विकसित करने के लिए लाखों वर्षों के विकास के दौरान क्या हो रहा है? हालिया शोध वैज्ञानिकों के बीच लंबे समय से चली आ रही इस बहस में नई अंतर्दृष्टि ला रहा है।

जब आप जीवाश्मों के बारे में सोचते हैं, तो आप शायद डायनासोर और एमोनाइट्स के बारे में सोचते हैं। एमोनाइट्स हड्डियों या कठोर खोल वाले जीव होते हैं, जो भारी भूवैज्ञानिक परिवर्तनों के बावजूद चट्टान में संरक्षित रहते हैं। लेकिन कमजोर पंखुड़ियों और छोटे पराग वाले फूलों को एम्बर में सील करके, क्रिस्टलीकृत या कार्बोनाइज्ड करके भी संरक्षित किया जा सकता है।

आम तौर पर, सबसे ठोस जीवाश्म साक्ष्य प्रारंभिक क्रेटेशियस काल (लगभग 13 करोड़ 20 लाख वर्ष पहले) का है। हालाँकि, फूल की कली का सबसे पहला साक्ष्य जुरासिक मूल का है (लगभग 16 करोड़ 40 लाख वर्ष पहले)।

# सिडनी के शॉपिंग सेंटर में चाकू हमले में छह लोगों की मौत

सिडनी/एपी। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी स्थित एक शॉपिंग सेंटर में एक व्यक्ति ने शनिवार को चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या कर दी। बाद में, पुलिस की कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। हमले में एक बच्चे सहित कई लोग घायल भी हुए हैं। न्यू वेल्स के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने संवाददाताओं को बताया कि एक व्यक्ति ने बॉन्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में नौ लोगों पर चाकू से वार किया जिनमें से छह लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक पुलिस निरीक्षक ने हमलावर पर गोली चलाई जिससे वह मारा गया। ऐसा लगता है कि अपराधी ने इस वारदात को अकेले अंजाम दिया और अब कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराधी की पहचान नहीं हो पाई है और घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। घटना से संबंधित वीडियो में शॉपिंग सेंटर के आसपास लोगों की भीड़ के साथ कई एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां दिखाई देती हैं।

# प्रियंका चोपड़ा ने 'मंकी मैन' के लिए देव पटेल की सराहना की

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने 'मंकी मैन' के साथ निर्देशक के रूप में अपनी प्रभावशाली शुरुआत के लिए भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता-फिल्म निर्माता देव पटेल की प्रशंसा की है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पटेल और फिल्म के कलाकारों को धन्यवाद दिया, जिसमें सिकंदर खेर और शोभिता धूलिपाला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने लिखा: ब्रावो देव पटेल क्या प्रभावशाली शुरुआत है! प्रियंका ने शोभिता धूलिपाला, सिकंदर खेर और निर्माता जॉर्डन पील को भी टैग किया। फिल्म में शार्ल्टो कोपले, मकरंद देशपांडे, अश्विनी कालसेकर और अन्य भी हैं।



देव पटेल की एक्शन थ्रिलर एक युवक की यात्रा पर आधारित है, जो भ्रष्ट नेताओं के कारण हुई अपनी मां की मौत के लिए न्याय मांगने के मिशन पर निकलता है। 'मंकी मैन' भारत में 19 अप्रैल को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज़ अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। जहां तक प्रियंका की बात है तो वह फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की शूटिंग में व्यस्त हैं।



# सलमान खान के साथ डेब्यू से पहले मेरे पास पांच फिल्मों के ऑफर थे : रवीना टंडन

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस रवीना टंडन ने खुलासा किया है कि उन्होंने 1991 में सलमान खान के साथ 'पत्थर के फूल' में पदार्पण करने से पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकराया था। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें पत्थर के फूल से पहले कई फिल्मों के ऑफर आए थे। किसका ब्रांड बजेगा पर बोलते हुए अभिनेत्री कहा कि मैंने इससे पहले ही पांच फिल्मों को ना बोल दिया था। उन्होंने कहा, मैं कॉलेज कैंटीन में थी, और मैंने अंदर आकर कहा, 'अंदाज़ा लगाओ कि मुझे किसके साथ फिल्म का ऑफर मिला है,' और उन्होंने कहा, 'कौन?' और मैंने कहा, 'सलमान खान', और मेरे सभी दोस्त बोले, 'याय्य!' इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि फिल्म स्वीकार करने से लेकर उस पर काम शुरू करने तक की प्रक्रिया बहुत तेज थी।

रवीना ने कहा, तो मैंने हां कह दी, अगले दिन मैंने सलमान के साथ फोटोशूट किया और तीसरे दिन मैं फिल्म कर रही थी। अनंत बलानी द्वारा निर्देशित और सलीम खान द्वारा लिखित, 'पत्थर के फूल' एक युवा पुलिस अधिकारी और एक गैंगस्टर की बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। 'पत्थर के फूल' के बाद रवीना और सलमान ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें 'अंदाज अपना-अपना', 'कहीं प्यार ना हो जाए' आदि शामिल हैं।



# 'कभी खुशी कभी गम' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता निशांत उज्ज्वल की आने वाली फिल्म कभी खुशी कभी गम का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स-अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म कभी ख़ुशी कभी गम में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और महानायक कुणाल सिंह मुख्य भूमिका में हैं। निशांत उज्ज्वल ने बताया कि कभी ख़ुशी कभी गम की कहानी लोगों के दिलों पर असर करने वाली है। फिल्म की कहानी पर खूब मेहनत की गयी है। फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ किया गया है।फिल्म के गीत संगीत भी सुमधुर हैं। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए कमाल की होने वाली है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक बार फिर से कमाल करते दिखेंगे। चिंटू, आम्रपाली और संचिता की तिकड़ी दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाली है। संस्कारों और संस्कृति से जुडी कहानी पर यह फिल्म बड़े परदे पर आपको सूरज बडजात्या की फिल्म जैसा एहसास कराएगी। हम इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करने वाले हैं, जल्द ही फिल्म का ट्रेलर भी आउट होगा।

वहीं, प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा कि कभी ख़ुशी कभी गम मेरे दिल के करीब है। इसका फर्स्ट लुक आ गया है। उम्मीद करता हूं दर्शकों को यह पसंद आएगी। इस फिल्म में मेरी कमाल की भूमिका है। यह फिल्म दर्शकों को अपने परिवार के साथ मिलकर देखना चाहिए। कभी ख़ुशी कभी गम के सह निर्माता डॉ संदीप उज्ज्वल एवं सुशांत उज्ज्वल हैं। लेखक नन्हे पांडेय हैं। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, अरविंद तिवारी, विनय निर्मल, उमा लाल यादव और शेखर मधुर हैं।डीओपी मनोज सिंह हैं।एक्शन दिलीप यादव का है। नृत्य राम देवन का है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी, महानायक कुणाल सिंह के साथ स्व. बृजेश त्रिपाठी, राम सुजान सिंह, पल्लवी कोहली, श्रद्धा नवल, हर्ष, बबलू खां,सुजीत भट्ट, आर्यन सिंह, दीपक सिन्हा एवं सूर्य द्विवेदी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। फिल्म के कार्यकारी निर्माता महेश उपाध्याय व अवध प्रसाद हैं।



# फिल्म 'मेरे सजना का अंगना' का फर्स्ट लुक रिलीज


मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म 'मेरे सजना का अंगना' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। 'मेरे सजना का अंगना'नारी प्रधान फिल्म है।इस फिल्म में अंजना सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी है।फिल्म के निर्देशक सचिन यादव ने कहा कि एक अच्छी फिल्म बनाने में हमारे सभी कलाकार तकनीशियन ने जो मेरा साथ दिया। निर्माता तपस्या तिवारी और राज शर्मा ने हमारे ऊपर विश्वास किया, इसलिए इतनी अच्छी मेकिंग कर पाया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के समृद्धि को और आगे बढ़ाने वाली है । फिल्म देखकर दर्शक इस बार-बार देखना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए लेखक शशि पांडे जी ने कमाल का कॉन्सेप्ट दिया है और उसपर संगीत से चार चांद साजन मिश्रा जी ने लगाया है। फिल्म 'मेरे सजना का अंगना' में बॉलीवुड गायक उदित नारायण, पामेला जैन , प्रियंका सिंह ने गाने गाये हैं। गीतकार शेखर मधुर हैं। इस फिल्म में अंजना सिंह के अलावा राजेन्द्र राज शर्मा, श्रृष्टि पाठक, विनीत विशाल, रोहित सिंह ,परी सिंघानिया, रूपेश मिश्रा,अमित मिश्रा अनिता भगत , अशोक मुख्य भूमिका में हैं।

# हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं निधि अग्रवाल

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस निधि अग्रवाल अपनी अपकमिंग ओटीटी डेब्यू फिल्म 'डंक – वन्स बिटन ट्वाइस शाइ' को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। वह पहली बार बिकनी अवतार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस थोड़े अंतराल के बाद हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। वह पिछली बार 2017 में हिंदी फिल्म 'मुन्ना माइकल' में नजर आईं थीं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में सुचित्रा कृष्णमूर्ति और विनय पाठक के साथ तुषार कपूर और शिविन नारंग भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'डंक' के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा: तेलुगु, तमिल और हिंदी में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के बाद अब मैं एक छोटे अंतराल के बाद



हिंदी सिनेमा में वापसी कर रही हूं और साथ ही दक्षिणी फिल्म परिदृश्य पर भी अपना दबदबा बना रही हूं।''

एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पास रोमांचक परियोजनाओं की भरमार है। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में महान पवन कल्याण और 'राजा साब' के साथ एक मनोरम पीरियड फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में काम कर रही हूं। जहां मैं प्रतिभाशाली प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हूं।''

निधि ने कहा, उम्मीद बहुत अधिक है क्योंकि दोनों फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों को लुभाने का वादा करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि इन सबके बीच उनकी नजर एक स्क्रिप्ट पर पड़ी, जो मुझमें गहराई से समा गई और इसने मेरे अंदर एक असाधारण प्रदर्शन देने की उत्सुकता जगा दी। निधि ने कहा, दक्षिण में दो नायकों और एक अन्य आशाजनक स्क्रिप्ट के साथ मैं सिनेमाई परिदृश्य में धूम मचाने के लिए तैयार हूं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | रविवार | 14-04-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में 'कैंसर जागरूकता अभियान' के तहत कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राम्मैया मेमोरियल हॉस्पिटल की 15 विशेषज्ञों की टीम ने 60 महिलाओं की जांच की।

**चुनाव प्रचार** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आरसी पाल कनकराज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उत्तर चेन्नई के तंडियारपेट प्रिंस विलेज अपार्टमेंट्स में चुनाव प्रचार किया तथा अपने समर्थन में वोट की अपील की।

# दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में बारिश, गर्मी से मिली राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में शनिवार शाम को बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बारिश के लिए उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में रविवार को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री अधिक है।

क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, उत्तर-पश्चिम भारत में 12 अप्रैल को आए सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आकाश में बादल छाए रहेंगे और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिससे राजधानी में तापमान लगभग 33 प्रतिशत तक गिर जाएगा।

पश्चिमी विक्षोभ का असर 18-19 अप्रैल तक रहेगा। तब तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल के बाद तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ना शुरू हो जाएगा। दिन के दौरान दिल्ली में सापेक्षिक आर्द्रता 71 प्रतिशत से 31 प्रतिशत के बीच रही।

# जम्मू कश्मीर के रियासी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार एवं विस्फोटक बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू। सुरक्षा बलों ने शनिवार को यहां एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और मौके से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि रियासी के माहौर उपमंडल के लांचा इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।

पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने तलाशी अभियान चलाया और एक टिफिन बॉक्स में लगा एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) एवं दो पिस्तौल बरामद कीं। उन्होंने बताया कि आखिरी समाचार मिलने तक यह अभियान जारी था। प्रवक्ता ने बताया कि आईईडी और दो पिस्तौल के अलावा, सुरक्षा बलों की टीम ने तीन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 400 ग्राम बारूद, पिस्तौल की दो मैगजीन एवं 24 गोलियां, ए के असॉल्ट राइफल की 40 गोलियां, आठ बैटरी, 40 मीटर बिजली के तार, पांच मीटर प्लास्टिक की रस्सी भी बरामद की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मौके से एक स्टील प्लेट, एक गिलास, एक बैग, तीन बेडशीट और कुछ तस्वीरें भी बरामद की गयी हैं।

**नुक्कड़ नाटक**



श्रीनगर में संसदीय चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को श्रीनगर के लाल चौक स्थित ऐतिहासिक गंटा घर में एक नुक्कड़ नाटक खेला गया।

## बैसाखी उत्सव में भाग लेने 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर/भाषा। वार्षिक बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए करीब 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा के रास्ते शनिवार को लाहौर पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री एवं पाकिस्तान की गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार रामश सिंह ओरारा ने इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वाघा सीमा पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी के प्रवक्ता अमीर हाशमी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसनअबदाल में बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए आज करीब 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां पहुंचे।'' हाशमी ने कहा कि उत्सव का मुख्य कार्यक्रम रविवार को होगा जिसमें 11,000 से अधिक स्थानीय और विदेशी सिख तीर्थयात्री पंजा साहिब में जुटेंगे।

## नेपाल ने विक्रम संवत के अनुसार नववर्ष मनाया

काठमांडू। नेपाल ने परंपरागत विक्रम संवत 2081 के कैलेंडर के अनुसार शनिवार को नववर्ष का जश्न खूब धूमधाम से मनाया और इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक एवं तीर्थयात्री हिमालयी राष्ट्र के दर्शनीय स्थलों एवं मंदिरों में पहुंचे। विक्रम संवत का नाम भारतीय राजा विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है और यह नेपाल में आधिकारिक कैलेंडर है। देशभर के लोगों ने नेपाली कैलेंडर के अनुसार वैशाख के पहले दिन शनिवार को नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया। नेपाली नव वर्ष पर लोग अपने घरों को साफ करते हैं, स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करते हैं और मंदिरों में जाते हैं।

## बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने 11 लोगों की हत्या की

कराची/भाषा। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी, जिसमें नौ लोग पंजाब प्रांत के थे। अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के नोशकी इलाके में बस से यात्रा कर रहे कम से कम नौ लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि बंदूकधारियों ने यात्रियों को बस से जबरन उतार दिया और यह पुष्टि करने के बाद उनका अपहरण कर लिया कि वे पंजाबी हैं।

# भंसाली बने जयमल जैन संघ नानणा के अध्यक्ष, कोठारी बने सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





चेन्नई। शहर के जयमल जैन श्रावक संघ, नानणा की साधारण सभा जयमल पोषधशाला, वेपेरी में आयोजित की गई। अध्यक्ष गौतमचंद बोहरा ने सभी का स्वागत किया। सचिव मुकनचंद बोहरा ने गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संघ द्वारा अपने नानणा में हर रोज हजारों कबूतरों को दाना डाला जाता है तथा सरकारी विद्यालय में संघ द्वारा आडिटोरियम बना कर दिया गया। कोषाध्यक्ष कालुराम भंसाली ने आय व्यय का ब्योरा दिया। सभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें पारसमल कोठारी व मोतीलाल पारेख को सलाहकार बनाया गया। कालूराम भंसाली को अध्यक्ष, ज्ञानचन्द कोठारी को सचिव, सुरेशचन्द समदड़िया को कोषाध्यक्ष, पदमराज बोहरा व मदनलाल समदड़िया को उपाध्यक्ष, महावीर पारख को सहमंत्री बनाय गया है। इसके अलावा निवर्तमान अध्यक्ष व मंत्री सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। नए सचिव ज्ञानचंद कोठारी ने कहा कि संघ समाजसेवा मानवसेवा के कार्यो को और बढ़ाएगा तथा साधु साध्वी के दर्शनार्थ संघ लेकर जायेंगे तथा वार्षिक स्नेह मिलन का आयोजन भी किया जाएगा। पूर्व सचिव मुकनचंद बोहरा ने धन्यवाद दिया।

# प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का कार्यकाल भारत का स्वर्णिम कालखंड : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हलद्वानी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल स्वतंत्रता के बाद भारत का स्वर्णिम कालखंड है। नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश की समस्याओं की जड़ में विपक्षी पार्टी है, लेकिन मोदी हर चुनौती के सामने डटे रहे और समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को स्वतंत्रता के बाद के भारत में स्वर्णिम कालखंड के रूप में देखा जाएगा।'

योगी ने कहा, ''उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन से कांग्रेस बहुत नाराज है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता लागू करके प्रशंसनीय कार्य किया है।'' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 'उत्तम प्रदेश' बनने की ओर अग्रसर है और इसका श्रेय उत्तराखंड से निकलने वाली नदियों के जल को जाता है। योगी ने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत, नारायण दत्त तिवारी और हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे देवभूमि के सपूतों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि देवभूमि के हर कंकड़ में शंकर हैं और हर कोना शुद्धता का प्रतीक है।

योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के साथ समन्वय से दोनों राज्यों के बीच लंबित सभी मुद्दों को सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका बचपन उत्तराखंड में बीता है जब लोगों को पानी लाने के लिए दो-तीन किलोमीटर तक पैदल चलना होता था।

योगी ने कहा कि हर घर नल' योजना के लागू होने के साथ हर घर में पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, आज केवल भ्रष्टाचार और गलत काम करने वाले दिक्कत में हैं। उत्तर प्रदेश में हमने साफ कर दिया है कि जो महिलाओं और कारोबारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेंगे, वे या तो जेल में जाएंगे या जहन्नुम में जाएंगे। योगी ने कहा, इस समय उत्तर प्रदेश दंगों और कर्फ्यू से मुक्त है।

# 'वायनाड में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार में किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राहुल गांधी के इस महीने की शुरुआत में वायनाड में रोड शो के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के झंडे का इस्तेमाल नहीं करने के पार्टी के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने उस पर निशाना साधा था।**

वायनाड/भाषा। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यवाहक प्रमुख एम एम हसन ने शनिवार को यहां कहा कि वायनाड लोकसभा क्षेत्र में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार के दौरान किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। हसन ने कहा कि पर्वतीय निर्वाचन क्षेत्र में अगले सप्ताह होने वाले गांधी के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगियों के किसी भी झंडे का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया गया है लेकिन उन्होंने यह फैसला लेने का कारण बताने से इनकार कर दिया। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के समन्वयक हसन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के फैसले के पीछे का कारण मीडिया को बताने की जरूरत नहीं है।

हसन ने पत्रकारों द्वारा इस फैसले का कारण बार-बार पूछे जाने पर कहा, यह कहना पर्याप्त है कि वायनाड में उनके प्रचार अभियान के दौरान किसी भी झंडे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। केवल पार्टी के चुनाव चिह्नों का इस्तेमाल किया जाएगा। केपीसीसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गांधी 15 और 16 अप्रैल को वायनाड में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि वह आगामी सप्ताह में कन्नूर, त्रिशूर और तिरुवनंतपुरम सहित विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाएं और रैलियां करेंगे।

राहुल गांधी के इस महीने की शुरुआत में वायनाड में रोड शो के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के झंडे का इस्तेमाल नहीं करने के पार्टी के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने उस पर निशाना साधा था। माकपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने झंडों का इस्तेमाल इसलिए नहीं किया क्योंकि वह भाजपा से डरती है। भाजपा ने कहा था कि कांग्रेस ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि गांधी आईयूएमएल को लेकर असहज हैं। कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा था कि माकपा और भाजपा करीबी दोस्त बन गए हैं। उसने कहा था कि उसे इस बात को लेकर किसी से सबक लेने की जरूरत नहीं है कि चुनाव प्रचार किस प्रकार करना है।



# तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के कैंसर जांच शिविर में 60 महिलाओं ने कराई जांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में 'कैंसर जागरूकता अभियान' के तहत कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राम्मैया मेमोरियल हॉस्पिटल की 15 विशेषज्ञों की टीम ने 60 महिलाओं की जांच की। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए योजना के प्रारूप की जानकारी दी। हॉस्पिटल की टीम ने मोबाइल बस में मेमोग्राफी व पीपीटी किट आदि के सहयोग से विभिन्न जांच की तथा कैंसर जागरूकता फैलाई।

मंडल द्वारा डॉक्टरों की टीम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया एवं आभार ज्ञापन मंत्री दीपिका गोखरू ने किया। कार्यक्रम में परामर्शिका चंचलबाई मांडोत, निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम भंसाली, उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया, कोषाध्यक्ष मंजू भंसाली, सहमंत्री ललित डागा, प्रचार प्रसार मंत्री सरिता छाजेड़, कन्या मंडल से संयोजिका ध्वनि गन्ना आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

**आमंत्रण** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जैन युवा संगठन के अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में मंत्री मदन मुनोत, अतिथि आमंत्रण समिति चेयरमैन कुशल डूंगरवाल, सहचेयरमैन मोनीश मुथा, आशीष तालेडा, सुनील लोढ़ा आदि ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार स मुलाकात कर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव में विशेष अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सदस्यों ने मंत्री को महोत्सव की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए जैन समाज एवं संगठन द्वारा किए जा रहे मानव कल्याण कार्यों की सराहना के साथ ही जैन युवा संगठन के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया।

# जीवन के कोरे पन्ने पर गाली नहीं, गीत लिखने हैं : आचार्य जिनमणिप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



धारवाड़। शहर में विराजित जहाज मंदिर के अधिष्ठाता गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीजी ने अपने दैनिक प्रवचन में कहा कि जीवन अनमोल है, इसका कोई मूल्य नहीं है। जीवन के बदले में हर वस्तु मिल सकती है परन्तु ऐसी कोई वस्तु नहीं है जिसके बदले में जीवन मिल सके। दुनिया के जितने भी धर्म है सभी धर्मों ने मनुष्य जीवन की महिमा गाई है। संत तुलसीदास ने लिखा है- बडे भाग मानुष तन पावा'। उन्होंने कहा कि इस अनमोल, अनूठे, अद्वितीय, मनुष्य जीवन को पाकर यदि हमने व्यर्थ में खो दिया तो हमारे जैसा मूर्ख और कौन होगा।

आचार्यश्री ने कहा कि जीवन प्रेम करने के लिये भी जब इतना छोटा है तो मनुष्य घृणा, वैमनस्य के लिये समय कैसे निकाल पाता है। इसका अर्थ यही है कि हमने अभी तक अपने जीवन की मूल्यवत्ता का अनुभव नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जीवन हमारे अपने हाथों में है। उसे चाहे जिस दिशा में मोडा जा सकता है। कोई दूसरा व्यक्ति हमारे जीवन के लिये उत्तरदायी नहीं हो सकता। जीवन एक किताब है बिल्कुल कोरी पोथी है। उन खाली पन्नों पर हम चाहे तो गालियाँ भी लिख सकते हैं और चाहे तो गीत भी चाहे तो ईर्ष्या, द्वेष, निन्दा, हिंसा, अनाचार, अत्याचार की गालियाँ भी लिख सकते हैं और चाहे तो परमात्म भक्ति के, परोपकार के, संवेदना और सहयोग के, प्रेम, विनय और वात्सल्य के मीठे अनूठे गीत भी लिख सकते हैं। निर्णय हमें स्वयं को ही करना होगा कि हम अपना जीवन कैसा चाहते हैं।

संतश्री ने कहा कि हमारा जीवन स्वार्थी नहीं होना चाहिये। अपने स्वार्थ के लिये तो पशु भी पुरूषार्थ करते है। हमारा जीवन पशु से बहुत अलग है। हमें अपने लिये ही नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के लिये जीना होता है। व्यक्ति समाज का अंग है। वह समाज से अलग नहीं हो सकता। जो व्यक्ति समाज की समस्याओं से आँखें मूंदकर चलता है, वह व्यक्ति सामाजिक नहीं है, निपट स्वार्थी है। समाज की उन्नति में व्यक्ति की उन्नति निहित है। समाज के उत्कर्ष के लिये उसे अपना तन मन धन सब कुछ समर्पित करना होता है। तो साथ ही समाज को भी अपने हर अंग का उतना ही ख्याल रखना होता है। जो समाज अपने व्यक्तियों का ध्यान नहीं रख पाता, वह समाज टूट कर बिखर जाता है।

**पूजा**



पटना में शनिवार को चैती छठ पूजा उत्सव के दौरान गंगा नदी के तट पर पूजा करने के बाद बर्तन ले जाते श्रद्धालु।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com